Web Portal
www.ghatatighatana.com
G.G. News
सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए एक प्रकाशन...
RNI REG.NO.-CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक- 013/रायगढ़/2020-2022

# घटती घटना

अम्बिकापुर, वर्ष 18,अंक -334 सोमवार,10 अक्टूबर 2022, पृष्ठ -8 मूल्य 2 रूपये

**ज्ञान की बातें**

लगन से ज्ञान मिलता है,लगन के अभाव में ज्ञान विलुप्त हो जाता है।
- बुद्ध-

## लोकसभा की जिन 144 सीटों पर हारी बीजेपी

### मोदी वहां करेंगे ताबड़तोड़ 40 रैलियां,मिशन 2024 का खाका तैयार



**नई दिल्ली, 09 अक्टूबर 2022।** भारतीय जनता पार्टी ने 2024 लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करने को लेकर खाका तैयार कर लिया है। बीजेपी 144 लोकसभा सीटों पर 40 रैलियां करने की तैयारी में है, ये वो सीटें हैं जहां 2019 में उसे हार का सामना करना पड़ा था। बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद इन रैलियों को संबोधित करेंगे।

रिपोर्ट के मुताबिक, लोकसभा प्रवास योजना फेज-2 के तहत बीजेपी ने देश भर की 144 कमजोर या हारी हुई लोकसभा सीटों के लिए योजना बनाई है। इसके तहत पीएम मोदी 40 जगहों पर 40 बड़ी रैलियां करने वाले हैं। प्रधानमंत्री की ये 40 जनसभाएं सभी 40 क्लस्टर में होंगी। बाकी 104 सीटों की जिम्मेदारी बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और अन्य केंद्रीय कैबिनेट मंत्रियों पर प्रमुखता से होगी, जो यहां रैलियां करेंगे।

**स्थानीय लोगों के साथ होंगी कई बैठकें**

भाजपा की रणनीति यह है कि प्रवास के दौरान क्लस्टर प्रभारी स्थानीय हस्तियों के साथ बैठकें करेंगे। बीजेपी के असंतुष्ट नेताओं की शिकायतों को सुना जाएगा और उनका समाधान निकाला जाएगा। प्रवास योजना फेज-2 के तहत केंद्र सरकार के सभी 40 मंत्रियों को 5 सूत्री काम करना होगा। जो कि इस प्रकार से है... पहला- कैंपेन प्लान को लागू करना, दूसरा- पब्लिक आउटरीच कार्यक्रम चलाना, तीसरा- राजनीतिक प्रबंधन, चौथा- नैरेटिव मैनेजमेंट सेट करना और पांचवां- क्लस्टर के लोकसभा क्षेत्र में रात भर रहना।

**सामुदायिक उत्सवों और रीति-रिवाजों में लेंगे भाग**

प्रवास के दौरान क्लस्टर प्रभारी कैबिनेट मंत्री को स्थानीय धार्मिक नेताओं, संतों और विभिन्न समुदायों के स्थानीय नेताओं के साथ उनके घर/स्थान पर बैठक करेगा। उन्हें स्थानीय सामुदायिक उत्सवों और रीति-रिवाजों में भी सक्रिय रूप से भाग लेना होगा। साथ ही स्थानीय मेले में आयोजित होने वाले अनुष्ठानों, नुक्कड़ कार्यक्रमों और अन्य कार्यक्रमों का भी हिस्सा बनना होगा।

**संघ से जुड़े लोगों की भी होगी भागीदारी**

बीजेपी नेताओं के साथ ही आरएसएस के कार्यकर्ता भी इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। संघ से जुड़े संगठनों के स्थानीय अधिकारी और प्रमुख कार्यकर्ता क्षेत्रीय प्रभारी मंत्रियों व संगठन के नेताओं के साथ बैठक करेंगे। इसके अलावा बैठकों में मतदाताओं को भी शामिल करने का प्रयास किया जाएगा जिसमें वकील, डॉक्टर्स, प्रोफेसर्स, व्यवसायी और अन्य पेशेवर लोगों को टारगेट किया जाएगा। इस तरह 2024 लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा हर एक मतदाता तक पहुंचने का प्रयास करेगी।

**बूथ मजबूत करने की रणनीति पर काम जारी**

मंत्रियों को जमीनी स्तर पर पार्टी संगठन को मजबूत करने में मदद करने के लिए भी कहा गया है। सूत्रों ने कहा कि यह और अन्य फीडबैक पार्टी को बूथ मजबूत करने की उचित रणनीति तैयार करने में मदद करेगा। गौरतलब है कि भाजपा ने 2019 में 543 लोकसभा सीटों में से 303 पर जीत हासिल की थी। दशकों में पहली बार किसी पार्टी को अपने दम पर बहुमत मिला।

## आकाशीय बिजली से 2 किसानों की हुई मृत्यु

**हरदोई ,09 अक्टूबर 2022।** जिले में बीते दो दिन से रुक रुक कर हो रही बारिश के दौरान खेतों पर फसल की रखवाली कर रहे दो किसानों की आकाशीय बिजली गिरने से उसकी चपेट में आकर मौत हो गयी जबकि एक किसान झुलस गया जिसे उपचार के लिए भर्ती कराया गया है।



अलग अलग गांव में आकाशीय बिजली गिरने की घटना के दौरान दोनों मृतक अपने अपने खेतों में फसल बचाने के लिए मौजूद थे ,इसी दौरान बारिश होने के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से उसकी चपेट में आकर दोनों की मौके पर मौत हो गयी। घटना के बाद दोनों के शवों का पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है जबकि राजस्व अमला मृतकों के परिवार को सहायता राशि देने की कवायद में जुटा है। बारिश के दौरान पाली थाना क्षेत्र के रामापुर मिश्रा गांव के रहने वाला मुनिराज ( 23 ) अपने खेत में अपनी फसल बचा रहे थे।उनके साथ उनके गांव के छत्रपाल भी थे। दोनों अपने खेत में करेले और खीरे की लगी फसल की रखवाली में जुटे हुए थे। अचानक सुबह तेज़ बारिश होने लगी।बारिश के चलते दोनों एक साथ खेत में एक किनारे लगे पेड़ के नीचे खड़े हो गए। उसी दौरान आसमान से गिरी आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मुनिराज की मौत हो गई।

## संक्षिप्त समाचार

### RJD के 12वे अध्यक्ष चुने गए लालू प्रसाद यादव



**नई दिल्ली, 09 अक्टूबर 2022।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के संस्थापक लालू प्रसाद यादव रविवार को रिकॉर्ड 12वीं बार पार्टी के निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए। केवल यादव ने पार्टी अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दर्ज किया और इस प्रकार उन्हें पार्टी प्रमुख के रूप में निर्विरोध चुना गया।

नई दिल्ली में हो रहे दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में इसकी औपचारिक घोषणा की गई। लालू ने 28 सितंबर को राष्ट्रीय राजधानी में पार्टी कार्यालय में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया था।

### माननीय ने मंत्री पद से दिया इस्तीफा! विवादों के बाद उठाया ये कदम

**नई दिल्ली, 09 अक्टूबर 2022।** रविवार को दिल्ली की सियासत में उस वक्त बड़ा उथल-पुथल मच गया, जब दिल्ली सरकार में मंत्री रहे राजेंद्र पाल गौतम ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। राजेंद्र पाल गौतम आप सरकार में समाज कल्याण मंत्री के पद पर थे। हाल ही में एक कार्यक्रम में विवादित शपथ दिलाने को लेकर भाजपा पर आप सरकार पर हमलावर थी। वहीं सरकार ने भी अपने मंत्री से स्पष्टीकरण मांगा था।

हाल में वायरल हुए एक वीडियो में कोई बौद्ध संत सैकड़ों लोगों को हिंदू धर्म से बौद्ध धर्म में प्रवेश दिला रहे थे। इनमें आम आदमी पार्टी के मंत्री राजेंद्र पाल गौतम भी थे। वीडियो में सभी को यह कहते हुए सुना जा सकता है, ÷मैं ब्रह्मा, विष्णु और महेश को नहीं मानूंगा। मैं राम-कृष्ण की पूजा नहीं करूंगा। मैं किसी हिंदू देवी-देवता को नहीं मानूंगा।

### संदिग्ध हालात में नौजवान की मौत के बाद श्मशानघाट में हुआ हंगामा,पुलिस ने चिता से उठाया शव



**लुधियाना , 09 अक्टूबर 2022।** लोहारा से बरोटा रोड के रहने वाले सुरिंदर सिंह ने संदिग्ध परिस्थितियों में आत्महत्या कर ली। इसी बीच सुरिंदर के परिजन उसके शव को उठाकर दाह संस्कार के लिए श्मशानघाट ले गए। इसी बीच किसी ने पुलिस को सूचना दी। जानकारी मिलने के बाद पुलिस सीधे श्मशान घाट पहुंची। जहां पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल पहुंचाया और पोस्टमार्टम के बाद सुरिंदर सिंह का शव वारिसों को सौंप दिया। मिली जानकारी के अनुसार सुरिंदर मजदूरी का काम करता था।

### मातम में बदली खुशियां: अचानक लोहे की रॉड में दौड़ा 11 हजार वोल्ट का करंट,6 की मौत,मची अफरा-तफरी

**बहराइच, 09 अक्टूबर 2022।** उत्तरप्रदेश के बहराइच जिले में उस वक्त मातम पसर गया, जब एक गांव में बिजली की एचटी लाइन की चपेट में आने से छह लोगों की मौत हो गई है। जबकि दो लोग अभी जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स से मिली जानकारी के अनुसार, बहराइच के थाना कोतवाली नानपारा के अंतर्गत बारावफात के जुलुस में भगड़वा मासूपुर गांव में बिजली की एचटी लाइन की चपेट में आने से छह लोगों की मौत हो गई है। वहीं, दो की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नानपारा लाया गया है।

## इंदिरा गांधी की मूर्ति हटाकर लगा दी देवी मां की मूर्ति,मचा बवाल

**उदयपुर, 09 अक्टूबर 2022।** राजस्थान के उदयपुर में असामाजिक तत्वों की करतूत ने भाजपा और कांग्रेस को आमने-सामने खड़ा कर दिया है। दरअसल पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की मूर्ति को तोड़कर फेंक दिया और उसकी जगह वहां देवी मां की मूर्ति स्थापित कर दी । घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं में आक्रोश व्याप्त हो गया ।





असामाजिक तत्वों की ओर से तोड़ी गई पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की यह मूर्ति कई वर्षों से स्थापित थी । इसकी सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंची पुलिस ने वहां से माताजी की मूर्ति को हटाकर उद्यान को सील कर दिया है । पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है लेकिन अभी तक उनका कोई सुराग नहीं लग पाया है।

**1985 में में किया गया था मूर्ति स्थापित**

पुलिस के अनुसार घटना उदयपुर की मावली तहसील के घासा थाना इलाके के रख्यावल गांव में हुई वहां के संजय उद्यान में वर्ष 1985 में हनुमान प्रसाद प्रभाकर द्वारा इंदिरा गांधी की मूर्ति को स्थापित किया गया था । उसके बाद हर वर्ष संजय उद्यान में इंदिरा गांधी एकता मेले का आयोजन भी किया जाता है । अज्ञात बदमाशों ने इस मूर्ति को तोड़कर फेंक दिया और उसके नीचे लगे शीला पट्ट को भी मिटाने की कोशिश की ।

**उदयपुर पुलिस ने सील किया उद्यान**

असामाजिक तत्वों ने इंदिरा गांधी की मूर्ति की जगह वहां माताजी की मूर्ति की स्थापित कर दी । माताजी की जो मूर्ति वहां स्थापित की गई है वह हाल ही में नवरात्रि के दौरान विसर्जित की गई थी । जैसे ही इसकी सूचना गांव के पूर्व सरपंच तुलसीराम डांगी को हुई वे तुरंत मौके पर पहुंचे । उन्होंने कांग्रेस के अन्य जनप्रतिनिधियों को इसकी जानकारी दी।

## महिला से सामूहिक दुष्कर्म,पुजारी ने साथियों के साथ मिलकर बनाया हवस का शिकार

**अजमेर, 09 अक्टूबर 2022।** राजस्थान के अजमेर जिले में एक दलित महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। सामूहिक दुष्कर्म का मुख्य आरोपी पुजारी है। महिला का आरोप है कि घर में अकेला देखकर पुजारी ने उसके अश्लील फोटो वीडियो बना लिए। फिर महिला को ब्लैकमेल कर साथियों के साथ मिलकर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। सिविल लाइंस थाना पुलिस में पीड़िता ने पेश होकर मामले की शिकायत दर्ज करवाई है।



**घर में अकेली देखकर बनाया हवस का शिकार**

पुलिस रिपोर्ट में पीड़िता ने बताया कि वह घर में अकेली थी। अकेला देखकर पुजारी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान उसने वीडियो भी बना लिया। अजमेर उत्तर के डीएसपी छवि शर्मा ने बताया कि आरोपी ने अश्लील फोटो वीडियो बनाने के बाद लगातार उसे वायरल करने की धमकियां देकर दुष्कर्म करता रहा। अश्लील वीडियो के नाम पर आरोपी ने पीड़िता से कई बार पैसे भी वसूले। वहीं पीड़िता को घर में अकेला देखकर अन्य साथियों के साथ मिलकर उसके साथ दुष्कर्म किया।

**अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर करते थे दरिंदगी**

डीएसपी ने बताया कि आरोपी ने पीड़िता को नशीला इंजेक्शन भी दिया था। नशे में होने के कारण वह नहीं बता पा रही है कि उसके साथ कितने लोगों ने वारदात की। पीड़ित महिला का आरोप है कि पिछले एक महीने में आरोपियों ने बंधक बनाकर उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। पिछले दिनों फिर आरोपी पीड़ित महिला को कहां ले गए पता नहीं। आरोपियों ने पीड़िता को अनजान कमरे में बंधी बनाकर साथ रखा। जब वह घर नहीं पहुंची तो पति ने सिविल लाइंस थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। इसके बाद आरोपियों ने उसे छोड़ दिया। इसके साथ ही पुजारी ने महिला को उसके बच्चे और पति को जान से मारने की धमकी दी। यह भी कहा कि उसने दुष्कर्म के बारे में किसी को भी बताया तो वह अश्लील वीडियो वायरल कर देगा। इस घटना के बाद से पीड़िता गुमसुम रहने लगी। जिस पर परिवार ने महिला से पूछताछ की। जिसके बाद उसने सारी बात परिवार को बताई।

## बलात्कार के मामले में केरल हाईकोर्ट ने की बड़ी टिप्पणी

### अगर महिला को पता था कि शख्स पहले से शादीशुदा है तो वह शादी का झांसा और दुष्कर्म का नहीं लगा सकती आरोप

**केरल, 09 अक्टूबर 2022।** केरल हाई कोर्ट ने रेप के एक मामले में सुनवाई करते हुए बड़ी टिप्पणी की है. अदालत ने कहा कि शादी करने का झूठा वादा करके बलात्कार का आरोप तब तक नहीं टिकेगा जब तक महिला को पता हो कि वह आदमी पहले से ही शादीशुदा है और अभी भी आरोपी के साथ यौन संबंध जारी रखा है.




हाई के जस्टिस कौसर एडग्गापथ ने कहा कि ÷ऐसे जोड़े के बीच किसी भी तरह के सेक्स को प्यार और जुनून कहा जा सकता है, न कि शादी के किसी झूठे वादे के आधार पर.÷

कई मामलों का जिक्र करते हुए, कोर्ट ने दोहराया कि अगर कोई पुरुष किसी महिला से शादी करने के अपने वादे को वापस लेता है, तो उनके द्वारा सहमति से किया गया यौन संबंध आईपीसी की धारा 376 के तहत बलात्कार का अपराध नहीं माना जाएगा.

छात्राओं के कपड़े बदलने का वीडियो हुआ CCTV कैमरे में कैद, मचा बवाल, ऐसे हुआ खुलासा, गेस्ट हाउस के मैनेजर समेत दो लोग गिरफ्तार

शिकायतकर्ता महिला का आरोप था कि नौ साल की अवधि में याचिकाकर्ता ने शिकायतकर्ता को शादी का झूठा वादा देकर भारत और विदेशों में कई जगहों पर उसके साथ यौन संबंध बनाए. वहीं याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि आरोपी के खिलाफ प्रथम दृष्ट्या कोई अपराध नहीं बनता है।.

## मुंबई बंदरगाह में कंटेनर से 502 करोड़ की कोकीन जब्त

**मुंबई, 09 अक्टूबर 2022।** देश के युवाओं को नशाखोरी के दलदल में धकेलने के लिए पड़ोसी देशों द्वारा साजिश के तहत बड़ी संख्या में मादक पदार्थों की तस्करी की जा रही है। उनके इस मंसूबों को नाकाम करने के लिए भारतीय राजस्व खुफिया निदेशालय के अधिकारियों की टीम भी सक्रिय हो गई है। जिन्होंने आज करोड़ों रुपए कीमत की हेरोइन को जब्त कर ली है। नवी मुंबई के न्हावा शेवा बंदरगाह पर फलों के एक कंटेनर से 502 करोड़ रुपये मूल्य की 50 किलोग्राम से अधिक ''उच्च गुणवत्ता÷ वाली कोकीन जब्त की है।



एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी कहा कि यह हाल के दिनों में समुद्री कंटेनरों के माध्यम से मादक पदार्थों की तस्करी की कोशिश के दौरान कोकीन बरामद होने के सबसे बड़े मामलों में से एक है। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थ बृहस्पतिवार को जब्त किया गया। इस संबंध में एक आधिकारिक बयान में कहा गया, ÷डीआरआई की मुंबई जोनल यूनिट को खेप के बारे में खुफिया जानकारी मिली थी, जिसे दक्षिण अफ्रीका से न्हावा शेवा बंदरगाह लाया गया था।

इसके बाद कंटेनर की पहचान की गई और डीआरआई अधिकारियों की उपस्थिति में उसे खोला गया, जिसमें हरे सेब के बक्से के अंदर बड़ी संख्या में, उच्च गुणवत्ता वाली कोकीन से बनी ईंट रखी मिलीं।

## केदारनाथ की पहाड़ियों में हुई बर्फबारी

**रुद्रप्रयाग ,09 अक्टूबर 2022।** केदारनाथ की पहाड़ियों में रविवार को बर्फबारी हुई जिससे यहां मौसम और भी ठंडकभरा हो गया है। हालांकि बारिश और बर्फबारी के बीच भी यात्रियों की केदारनाथ धाम में लगातार आवाजाही होती रही। वहीं निचले इलाकों में रिमझिम बारिश होती रही।रविवार को केदारनाथ सहित आसपास की ऊंची पहाड़ियों में बर्फबारी हुई। धाम में बीते तीन दिनों से हल्की बारिश जारी है जबकि बीती सांय से केदारनाथ की पहाड़ियों में बर्फ गिरती रही। बर्फबारी और बारिश से केदारनाथ में ठंड बढ़ गई है। वहीं दूसरी ओर मद्महेश्वर और तुंगनाथ की ऊंची पहाड़ियों में भी हिमपात हुआ है। जबकि निचले इलाकों में बारिश जारी है।

## शिंदे-ठाकरे से छिना शिवसेना का साया,ईसीआई ने लिया फैसला,दोनों गुटों की बैठक आज

**मुम्बई, 09 अक्टूबर 2022।** शनिवार को चुनाव आयोग ने एक बड़ा फैसला लिया है। दरअसल आयोग ने उद्धव ठाकरे और एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना गुटों को अंधेरी पूर्व विधानसभा उपचुनाव में पार्टी के नाम और उसके चुनाव चिह्न का इस्तेमाल करने से रोक दिया है।

अब सवाल ये है कि शिवसेना किसकी? सवाल पर जारी एकनाथ शिंदे और उद्धव ठाकरे गुट की जंग थमी नहीं है। चुनाव आयोग के फैसले पर दोनों ही गुट प्रतिक्रियाएं रहे हैं। एक ओर जहां उद्धव समर्थक इसे 'अन्याय' बता रहे हैं। वहीं, शिंदे कैंप ने भी आयोग के सामने अपना पक्ष रखने की तैयारी कर ली है। खास बात है कि निर्वाचन आयोग की तरफ से अंतरिम आदेश ऐसे समय पर आया है, जब मुंबई के अंधेरी पूर्व में उपचुनाव होने हैं।



शनिवार को भारत निर्वाचन आयोग की तरफ से जारी अंतरिम आदेश ने दोनों गुटों से शिवसेना का नाम और चिह्न इस्तेमाल करने का अधिकार छीन लिया है। इसपर पूर्व लोकसभा सांसद और शिवसेना नेता चंद्रकांत खैरे 'हैरानी' जाहिर कर रहे हैं। साथ ही उन्होंने इसके तार राजनीतिक मकसद से जोड़े हैं। पार्टी के लोकसभा सांसद अरविंद सावंत ने भी आरोप लगाए कि उद्धव गुट के जवाब और शिंदे कैंप की याचिका में से किसी पर भी जरूरी विचार नहीं किया गया।

उन्होंने आयोग पर सवाल उठाए और कहा, 'हमने शनिवार सुबह चुनाव आयोग के सामने हमारा जवाब दाखिल कर दिया था और शाम मे ही नाम और चिह्न को फ्रीज करने का आदेश जारी हो गया। यह बगैर सुनवाई के हुआ है।'

**शिंदे कैंप भी सक्रिय**

माना जा रहा है कि पार्टी का नाम और चिह्न मिलने की उम्मीद लगाए शिंदे गुट को भी आयोग के फैसले से झटका लगा है। शनिवार को गुट ने कहा कि वे कानूनी सलाह लेंगे। दोनों गुटों ने रविवार को समर्थकों की बैठक बुलाई है। स्कूल शिक्षा मंत्री दीपक केसरकर ने कहा, 'हम बालासाहब के असली शिवसेना हैं और हमारा दावा धनुष और बाण चिह्न पर है। हम चुनाव आयोग के सामने अपना पक्ष रखेंगे और भरोसा है कि हमें न्याय मिलेगा।' उन्होंने दावा किया है कि 70 प्रतिशत से ज्यादा शिवसैनिक शिंदे के साथ हैं।

**जानें अब क्या है दोनों गुटों की तैयारी**

चुनाव आयोग की तरफ से अंतरिम आदेश जारी होने के बाद अब दोनों गुट शिवसेना का नाम और चिह्न का इस्तेमाल नहीं कर सकेंगे। हालांकि, दोनों समूहों के पास आयोग से नया चिह्न लेने का रास्ता बाकी है। आयोग ने उन्हें चुनाव चिह्न के लिए विकल्प उपलब्ध कराए हैं। खबर है कि गुटों को सोमवार दोपहर एक बजे तक अपनी पसंद के तीन नाम और चिह्न भेजने होंगे।

**दोनों गुटों की बैठक आज**

खबर है कि रविवार को दोपहर 12 बजे उद्धव के नेतृत्व वाली शिवसेना बैठक करने जा रही है। वहीं, सीएम शिंदे अपने समर्थकों के साथ शाम 7 बजे मंथन करेंगे।

## बाजार में सब्जी खरीदने निकली केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण

**चेन्नई, 09 अक्टूबर 2022।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अपनी सुरक्षा प्रोटोकाल की परवाह नहीं करती और आम लोगों के साथ सहजता के साथ घुलमिल जाती है। बड़ी हस्ती होने के बावजूद सहजता के साथ आम आदमी तरह अपनी क्षेत्र की जनता के साथ मिलने के कारण वे काफी लोकप्रिय नेता मानी जाती है। आज उन्होंने सहजता की एक और उदाहरण पेश की है जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। निर्मला सीतारमण बाजार में खुद सब्जी खरीदती हुई नजर आ रही हैं। सामने आया वीडियो चेन्नई का है।



निर्मला सीतारमण शनिवार को चेन्नई के मायलापुर इलाके में सब्जी खरीदती हुई नजर आईं। इस दौरान उन्होंने कुछ सब्जी विक्रेताओं से बातचीत भी की। वीडियो में नजर आ रहा है कि रात के समय निर्मला सीतारमण बाजार में सब्जी खरीद रही हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का सब्जी खरीदने वाला यह वीडियो उनके ऑफिस के ट्विटर हैंडल से शेयर किया गया है।

ट्वीट को वित्त मंत्री ने अपने ट्विटर हैंडल से भी री-ट्वीट किया है। वीडियो में नजर आता है कि वित्त मंत्री सब्जी की एक दुकान पर पहुंचती हैं और खुद सब्जियां चुनने के बाद उसे तौलने के लिए सब्जी विक्रेता को सौंपती हैं। इस वीडियो पर कई तरह के कमेंट आ रहे हैं। कई लोग इसके लिए वित्त मंत्री की तारीफ कर रहे हैं तो कई इसे फोटो-ऑप करार दे रहे हैं।

## संपादकीय

### संकेत या एक घटना ?

भारत पश्चिम और रूस-चीन के खेमों में बढ़ते टकराव के बीच दोनों से लाभ उठाने की रणनीति पर चलता रहा है। अब तक ये रणनीति कारगर थी। लेकिन अब हालात बदल रहे हैं।

भारत की एक पेट्रोकेमिकल कंपनी पर प्रतिबंध लगाने का अमेरिका के फैसले को संभवतः पश्चिमी देशों में भारत के प्रति बढ़ती बेसब्री का संकेत माना जाना चाहिए। अमेरिका ने ऐसा ही संकेत पाकिस्तान को एफ-16 लड़ाकू विमानों के 45 करोड़ डॉलर के पाट-पुर्जे देने की घोषणा करके भी दिया था। यही नहीं, अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने इस बारे में पूछे जाने पर भारत और पाकिस्तान दोनों को समान महत्व का मित्र देश बता दिया। ऐसा वर्षों बाद हुआ है, जब अमेरिका ने ऐसा रुख दिखाया है। हकीकत यह है कि यूक्रेन युद्ध के मामले में भारत के तटस्थ रुख ने अमेरिका और पश्चिमी खेमे की गणनाएं बिगाड़ दीं। चीन के खिलाफ अपनी लामबंदी में अमेरिका ने भारत को मुख्य मोर्चा बनाने की रणनीति बनाई थी। लेकिन यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद बनी नई भू-राजनीतिक परिस्थितियों के बीच अब उसका इस रणनीति पर भरोसा नहीं रह गया है। जाहिर है, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने हाल में जिस आक्रामक लहजे में पश्चिमी अपेक्षाओं के जवाब दिए हैं, वह भी अमेरिका और यूरोपीय राजधानियों में नागवार गुजरा होगा। तो अब अमेरिका ने संकेत देना शुरू किया है। भारत की मुश्किल यह है कि वह पश्चिम और रूस-चीन के खेमों में बढ़ते टकराव के बीच दोनों से लाभ उठाने की रणनीति पर चल रहा है। कहा जा सकता है कि अब तक ये रणनीति कारगर थी। लेकिन यह तो आरंभ से तय था कि दो नावों पर एक साथ सवारी नहीं की जा सकती- खास कर वे नौकाएं अलग-अलग दिशाओं में जा रही हों। तो संभवतः अब वो वक्त आ गया है कि जब भारत को या तो इस रणनीति में असाधारण कौशल दिखाना होगा या उसे दोनों में से किसी एक खेमे को चुनना होगा।

# गुजरात चुनाव और आप पार्टी



जयश्री बिरमी
राजस्थान

आज कल दिसंबर में आने वाले गुजरात चुनावों के बारे में देश में और मीडिया में बहुत चर्चा हैं।गुजरात में कांग्रेस की जगह पर आम आदमी पार्टी अपना कद बड़ा कर रही दिख रही हैं।वे खुल्ले आम बोल रहें हैं कि गुजरात में उनका कांग्रेस से नहीं बीजेपी से मुकाबला हैं।अब कांग्रेस के अस्तित्व को ही नकार रहें हैं।कांग्रेस की अपनी रैली में भी कुछ ऐसा ही नजर आ रहा हैं रैली का रूट ऐसा हैं जिसमे गुजरात को सिर्फ छूने भर को आते हैं।देश को जोड़ने निकली कांग्रेस का खुद का अस्तित्व कहां कहां बचा पाएगी ये उसके अंदर हो रहे विद्रोह और विग्रह को देख साफ समझ में आ रहा हैं।सब से बड़ा प्रकरण तो राजस्थान में अशोक गहलोत एपिसोड से विदित होता हैं। आला कमान की बात नहीं मान अपना राजकीय मंच पर स्थान बनाए रख सेंटर में जा कठपुतली बनने से अपने आप को बचाना था या सचिन पायलट को मुख्य मंत्री पद से वंचित रखने का पूरा आयोजन था ये तो गहलोत ही जाने,किंतु इतना हाई वोल्टेज ड्रामा होने के बावजूद उन पर किसी भी प्रकार की शिक्षात्मक कार्यवाही का नहीं होना कांग्रेस के शीर्ष नेताओं की मजबूरी ही दिख रही हैं।वरना दूसरे पक्ष में ऐसी बेअदबगी की कुछ न कुछ सजा जरूर मिलती।जो राष्ट्रीय स्तर पर हो रहा हैं उसका असर आने वाले चुनाव पर जरूर पड़ेगा। गुजरात में अपना पैर जमाने के लिए आप पार्टी एरिया के हिसाब से लीडरों को चयनित कर रही हैं और कुछ लोगों को खरीद करने की बातें भी सामने आ रही हैं।गुजरात में अपना पैर जमाने के लिए आप पार्टी को थोड़ी मुश्किल भी पड़ रहीं हैं जैसे रिक्शा चलाने वाले हितेश ने साफ बताया कि वह तो बीजेपी को मानता हैं। अरविंद जी को खाने पर तो उसके यूनियन के कहने पर बुलाया गया था।दूसरे हिंदू देवी देवताओं की पूजा नहीं करने की शपथ दिलाने वाले वीडियो का वायरल होने की वजह से और आप पार्टी की साख टूटती जा रही हैं।वैसे केजरीवाल का राजकरण में प्रवेश की कहानी भी बहुत रोचक हैं।उन्होंने अन्नाजी से दगा किया,राजकरण में नहीं आने की कसम खा कर भी राजकरण में प्रवेश किया।किरण बेदी,कुमार विश्वास जैसे कई मातबर लोगों को रास्ते से हटा अपने स्थान को मजबूत बनाने की कोशिश की हैं।वैसे भी अपना स्थान बचाने के लिए हर नेता दूसरे उभरते नेता को दूर कर अपने स्थान को मजबूत बनाते हैं लेकिन केजरीवाल अपना स्थान मजबूत करने के लिए पार्टी को कमजोर करते दिख रहें हैं।गुजरात विधानसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी का संगठन में फेरबदल करने का दांव उलटा पड़ गया हैं। आम आदमी पार्टी सूबे में अपनी सियासी जड़े जमाने के लिए अपने गुजरात सगंठन को भंग कर नए सिरे से गठित किया है, जिसे लेकर पार्टी में सियासी घमासन छिड़ गया हैं। ऐसे में विधानसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं में अंदरूनी कलह शुरू हो गई है, जो अरविंद केजरीवाल के सारे किए-धरे पर पानी फेर सकता है।

गुजरात में कांग्रेस का विकल्प बनने और बीजेपी से दो-दो हाथ करने के लिए नए तरीके से संगठन की घोषणा की हैं। ऐसे में आम आदमी पार्टी ने अपने गुजरात प्रदेश अध्यक्ष गोपाल इटालिया को उनको अपने पद पर बरकरार रखा है तो वहीं इसुदान गढवी को पार्टी के नेशनल सेक्रेटरी का पोस्ट दिया गया। आम आदमी पार्टी ने गुजरात में अपने नए पदाधिकारियों में 850 जितने लोगों के साथ सगंठन ही पहली लिस्ट घोषित की थी। इसी के चलते पार्टी के कई नेता और कार्यकर्ता नाराज हैं और माना जा रहा है कि आने वाले गुजरात विधानसभा चुनाव में पार्टी को इसका खामियाजा भुगतना पड़ सकता है।

गुजरात में आम आदमी पार्टी के नए पदाधिकारियों की घोषणा के बाद पार्टी के नेताओं की नाराजगी पार्टी के अध्यक्ष गोपाल इटालिया और इसुदान गढवी से हैं। इसी के चलते तापी जिले के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष समेत सभी जिला सगंठन के लोगों ने अपना इस्तीफा दे दिया. इससे पहले पार्टी की महिला अध्यक्ष रीतु बंसल से पार्टी नाराज थी, जिन्हें गैर-गुजराती होने की बात को लेकर भी हंगामा मच चुका हैं।

आम आदमी पार्टी के नए संगठन में सूरत के लोगों को ज्यादा स्थान देने को लेकर ये हंगामा हुआ है, जिसे लेकर युवा नेता प्रविण राम भी आक्रोषित हैं। पार्टी के प्रदेश संगठन के 107 लोगों में से 33 लोग केवल सूरत के हैं. ऐसे में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं में ये भी चर्चा हे की कांग्रेस से आए हुए लोगों खास तवज्जे दी जा रही है. आरोप लग रहे हैं कि कांग्रेस से आए नेताओं को बड़े पद इसीलिए दिए गए हैं, क्योंकि वो पैसों में सौदे बाजी कर पाए।

गुजरात,क्कके नेता ग्रुप छोड़ रहे हैं। आम आदमी पार्टी के एक कार्यकर्ता का कहना है कि पार्टी के साथ गद्दारी करने वाले नेताओं को सगंठन में अहमित दी गई है, जो ऐसे नेता है जिन्होंने पार्टी छोड़कर बीजेपी में शामिल हो गए थे और दोबारा से पार्टी में शामिल हुए हैं।ऐसे नेताओं को प्रदेश संगठन में स्थान दिए जाने के चलते सवाल खड़े हो रहे हैं. संगठन के पुराने नेता इतने नाराज है कि एक के बाद एक पार्टी के वाट्सएप ग्रुप छोड़ रहे हैं. पार्टी ग्रुप में भी वो लगातार अपनी नाराजगी को जाहिर कर रहे है।

बता दें कि गुजरात स्थानीय निकाय चुनाव में आम आदमी पार्टी के टिकट पर सूरत महानगर पालिका में 28 पार्षद चुने गए थे, जिसके बाद आम आदमी पार्टी में नई जान पड़ गई थी। इसके अलावा सूबे में कई जगहों पर आम आदमी पार्टी तहसील पंचायत और जिला पंचायत सीटें भी जीती थी। लेकिन, सूरत नगर निगम में 28 पार्षद सीटों की जीत ने अरविंद केजरीवाल से सूरत में रोड शो करवा दिया था।

सूरत की जीत के दम पर ही आम आदमी पार्टी गुजरात के आगामी विधानसभा चुनाव को जीतने सपने देख रही थी, लेकिन जिस तरह से अब आप ने नए पदाधिकारियों को चुना है. उसको लेकर पहले से पार्टी के साथ जुड़े कार्यकर्ताओं और नेताओं में असंतोष देखने को मिल रहा है। इतना ही नहीं पार्टी में अंदरूनी घमासान शुरू हो चुका है, जिसका खामियाजा गुजरात विधानसभा चुनाव में भी उठाना पड़ सकता है।गांधीनगर नगरपालिका की कुछ सीट जीतने से गुजरात नहीं जीता जायेगा ये बात पक्की हैं।

# आओ मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण को सभी के लिए वैश्विक प्राथमिकता बनाएं



किशन सनमुखदास भावनानी
गोंदिया महाराष्ट्र

वैश्विक स्तरपर तेजी से बदलते परिपेक्ष मैं मनीषी जीवो के सम्मुख दो परिस्थितियों के परिणामों से रूबरू होना जरूरी है, पहला पारंपरिक, हस्तगत और शारीरिक श्रम का स्थान डिजिटल युग को हस्तगत होते जा रहा है जिसका सीधा संबंध मानसिक बौद्धिक और तकनीकी पर निर्भरता है और दूसरा कोविड महामारी के बाद बढ़े हुए हृदय रोग, साइलेंट हार्ट अटैक के मामलों के लिए भी तनाव चिंता को प्रमुख कारक के तौर पर देखा जा रहा है इसलिए अब हमारे लिए यह जरूरी हो गया है कि वर्तमान और आने वाली पीढ़ियों के मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं के बारे में बात करना और उसके महत्व को समझना महत्वपूर्ण हो गया है। चुंकि 10 अक्टूबर 2022 को हम विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाएं हैं, इसलिए आज हम इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से इस 2022 की थीम पर चर्चा करेंगे कहेंगे आओ मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण को सभी के लिए वैश्विक प्राथमिकता बनाएं।

साथियों बात अगर हम मानसिक स्वस्थ्य रहने की करें तो हमें तनाव से दूर रहना होगा, यह बात हर किसी को हर दिन याद रखनी चाहिए, कि तनाव किसी भी समस्या का हल नहीं होता बल्कि कई अन्य समस्याओं का जन्मदाता होता है। उदाहरण के लिए तनाव हमको अत्यधिक सिरदर्द, माइग्रेन, उच्च या निम्न रक्तचाप, हृदय से जुड़ी समस्याओं से ग्रस्त करता है। दुनिया में सबसे अधिक हार्ट अटैक का प्रमुख कारण मानसिक तनाव होता है। यह हमारा स्वभाव चिड़चिड़ा कर हमारी खुशी और मुस्कान को भी चुरा लेता है। इससे बचने के लिए तनाव पैदा करने वाले अनावश्यक कारणों को जीवन से दूर करना जरूरी ही नहीं अनिवार्य हो गया है।

साथियों चूंकि पूरा विश्व मानसिक स्वास्थ्य को लेकर जागरूक हो रहा है, और तनाव से दूर रहने के लिए प्रयास कर रहा है, तो हम भी यह संकल्प लें, कि किसी भी समस्या में अत्यधिक तनाव नहीं लेंगे। क्योंकि यह कई तरह की शारीरिक समस्याओं को भी जन्म दे सकता है। आखिरकार तनाव लेने ये समस्या सुलझने के बजाए और अधिक जटि ल हो जाती है, तो बेहतर यही है कि उन्हें शांति से समझते हुए हल किया जाए। समस्या में मुस्कुराना क्यों भूला जाए!

साथियों बात अगर हम, हाल के वर्षों की करें तो मानसिक स्वास्थ्य के महत्व के बारे में बहुत सारी बातें देखी गई हैं। पर्याप्त सबूतों से पता चला है कि कैसे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य आपस में जुड़े हुए हैं, और कैसे एक के इष्टतम को दूसरे की देखभाल किए बिना प्राप्त नहीं किया जा सकता है। हम अभी भी मानसिक स्वास्थ्य की अवधारणा को उतना महत्व नहीं देते जितना हमें करना चाहिए। सोशल मीडिया के युग में, बच्चों के आत्म-सम्मान के स्तर में गिरावट देखी गई है। इस प्रकार, मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं के बारे में बात करने के महत्व को समझना महत्वपूर्ण है।

साथियों पर्याप्त नींद न केवल शारीरिक स्वास्थ्य, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी आवश्यक है। नींद की गुणवत्ता और अवधि को बेहतर रखकर तनाव-चिंता और अवसाद जैसे विकारों के जोखिम को कम किया जा सकता है। अध्ययनकर्ताओं ने पाया कि रात में 6-8 घंटे की निर्बाध नींद लेने वालों की तुलना में नींद विकारों या नींद न पूरी कर पाने वाले लोगों में कई प्रकार के मानसिक स्वास्थ्य विकारों का जोखिम अधिक पाया गया है। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी उम्र के लोगों को अच्छी नींद प्राप्त करने पर विशेष ध्यान देना चाहिए। मनोरोग विशेषज्ञ बताते हैं, हमारी दिनचर्या की कई गड़बड़ आदतों के कारण भी मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा असर हो रहा है। लोगों में बढ़ती शारीरिक निष्क्रियता, स्क्रीन टाइम, नींद की कमी की समस्या के कारण मानसिक स्वास्थ्य विकारों में उछाल देखा जा रहा है। लाइफस्टाइल के अलावा आनुवांशिक रूप से भी इसका जोखिम हो सकता है।

साथियों बात अगर हम कोविड महामारी के मानसिक स्वास्थ्य पर असर की करें तो, अध्ययनों में पाया गया है कि कोविड-19 महामारी के बाद से मानसिक स्वास्थ्य की समस्याओं में आश्चर्यजनक रूप से उछाल आया है। कम उम्र के लोगों में तनाव-चिंता और गंभीर स्थितियों में अवसाद की समस्या देखी जा रही है। महामारी ने मनोवैज्ञानिक तौर पर लोगों की सेहत को नकारात्मक रूप से प्रभावित किया है। कोविड-19 के बाद बढ़े हृदय रोग और हार्ट अटैक के मामलों के लिए भी तनाव-चिंता को प्रमुख कारक के तौर पर देखा जा रहा है। मानसिक स्वास्थ्य के बारे में वैश्विक स्तर पर लोगों को शिक्षित-जागरूकता करने और सामाजिक कलंक की भावना को दूर करने के लिए हर साल 10 अक्टूबर को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है।

साथियों बात अगर हम मनीषियों के मानसिक स्वस्थ होने की बात संस्कृति के श्लोक से करें तो, आत्म- इंद्रिय मन- स्वस्थ- स्वास्थ्य इति अवधीयते। चरक संहिता के इस श्लोक के अनुसार जिसकी आत्मा, मन एवं इंद्रियां स्वस्थ हों, वही वास्तव में स्वस्थ है। 1948 में विश्व स्वास्थ्य संगठन की परिभाषा के अनुसार शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से पूर्णत- स्वस्थ होना ही स्वास्थ्य का प्रतीक है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है और तंदुरुस्ती हजार नियामत है, जैसी सूक्तियां हमारे यहां बच्चे-बच्चे के जुबां पर हैं।

साथियों बात अगर हम इस वर्ष 2022 की थीम की करें तो, मानसिक स्वास्थ्य और सभी के लिए कल्याण को वैश्विक प्राथमिकता बनाना% 2022 विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस की थीम एक अभियान का विषय है जिसे डब्ल्यूएचओ द्वारा भागीदारों के सहयोग से शुरू किया गया है। यह उन लोगों के लिए एक मौका होगा जिनके पास मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दे हैं, अधिवक्ताओं, सरकारों, नियोक्ताओं, कर्मचारियों और अन्य हितधारकों के लिए इस क्षेत्र में प्रगति को स्वीकार करने और मानसिक स्वास्थ्य और अच्छी तरह से सुनिश्चित करने के लिए क्या किया जाना चाहिए, इसके बारे में मुखर होने का मौका होगा- विश्व स्वास्थ्य संगठन अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर कहता है कि सभी के लिए वैश्विक प्राथमिकता बन गई है।

साथियों जैसे-जैसे समय बदला, वैसे ही विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस की थीम भी बदली। महिलाओं, बच्चों, स्वास्थ्य, रोजगार, आघात, आत्महत्या, और बहुत कुछ जैसे विषयों को शामिल करने के लिए प्रवचन का विस्तार किया गया। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में शामिल विषयों के इस विस्तार के परिणामस्वरूप, औसत व्यक्ति अब मानसिक स्वास्थ्य के बारे में अधिक जानता है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि, विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस 10 अक्टूबर 2022 पर विशेष है। आओ मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण को सभी के लिए वैश्विक प्राथमिकता बनाएं। वर्तमान और आने वाली पीढ़ियों के मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं के बारे में बात करने के महत्व को समझना महत्वपूर्ण है,जिस पर तात्कालिक ध्यान देना समय की मांग है, जिसपर तात्कालिक ध्यान देना समय की मांग है।

## वक्त संग कारवां



वीना आडवाणी तन्वी
नागपुर महाराष्ट्र

वक्त संग दर्द-ए कारवां मेरा
गुज़रता जा रहा था
दिल तेरे लौटने कि उम्मीद आज
भी लगा रहा था।।
जानती हूं तुम मुझे छोड़ कर पराई
बांहों में समाए
तोड़ मुझको बता कैसे तेरा दिल
मुस्कुरा रहा था।।
सात फेरों के बंधन हमारे बीच
बंधे हैं रिश्ते में
इन बंधनों से छल किया तू यही
दर्द सता रहा था।।
मेरी हर ख्वाहिशों का क़ातिल
आज तू ही तो
अपनी ख्वाहिशों को दबा दिल
आंसू बहा रहा था।।
जानती हूं बेवफा लौट ना अब
पाएगा कभी
फिर भी मेरा जखूमी दिल लिख
तुझे सजा रहा था।।
चाहती थी जाने ये जमाना मेरी
भी दर्द-ए दास्तां
जमाना वीणा दर्द-ए शायरा नाम
दे मुझे बुला रहा था।।
दर्द देकर आंसूओं से भिगोया हे
तूने ही मेरा दामन
तेरे सलामती के लिए दामन
उठाया ना जा रहा था।।
वक्त संग दर्द-ए कारवां मेरा
गुज़रता जा रहा था
दिल तेरे लौटने कि उम्मीद आज
भी लगा रहा था।।2।।

## राख



पुष्पा स्वाती
मुम्बई

यूं हसरतों की राख में शरारा ढूंढता है
दिल भी न जाने कैसे नज़ारा ढूंढता है
फैला हआ है हरसू यादों का यूं गुबार
कारवां का फिर भी ये सहारा ढूंढता है
जाएं तो कहां जाएं मंज़िल तलाशने
हद -ए- निगाह तक ये इशारा ढूंढता है
मझधार में सफ़ीना कहीं डूब न जाए
मिल जाए नाखुदा ये किनारा ढूंढता है
तेरे सिवा अब कुछभी आता नहीं नज़र
चमका दे रुह को वो सितारा ढूंढता है

## रिश्ते



प्रियंका अग्निहोत्री गीत
वाराणसी उत्तरप्रदेश

हुई ज़िन्दगी की शाम रस्तों पर, तो घर गए
हम उनके प्यार में कुछ इस तरह संवर गए
दो पल की मुलाक़ात, सदियों सी जुदाई
काश यूँ होता, कि वस्ल के पल ठहर गए
इंतज़ार की रात लंबी थी, ना गुज़ारी गयी
इंतज़ार के दिन तो बा-मुश्किल गुज़र गए
ता-उम्र भर की मशक्क़त से जो कमाए थे
वो रिश्ते पल में ताश के पत्तों से बिखर गए
उनसे मिलने की उम्मीद में ही रात कट गई
न सब्र दिन का रखा गया, जो हुई सहर, गए

## ख्वाहिशों का आसमान



आशीष शर्मा अमृत
जयपुर, राजस्थान

ख्वाहिशों के आसमान पर
उम्मीदों के सितारे हैं
चमचमाते,खूबसूरत पर
दूर बड़े सारे हैं
चाह कर भी हाथ नहीं आते
इतने सारे और इतने प्यारे हैं
हर रोज एक नया तारा
अपने आसमान पर पाता हूं
अपनी उम्मीदों को बस ऐसे ही
जिंदा मैं रख पाता हूं
काश कभी ऐसा भी दिन आए
उनमें से कोई एक तारा
कभी मेरी झोली में आ गिर जाए
इसी आस में हर रात
अरमान लिए सो जाता हूं
अगले दिन फिर एक तारे को
तराशने लग जाता हूं

# धरम अउ अध्यात्म के ठऊरःराजिम



प्रिया देवांगन प्रियू
राजिम
छत्तीसगढ़

हमर छत्तीसगढ़ धरम, अध्यात्म अउ दर्शन के भुइयाँ आय। इहाँ देवी-देवता मन के वास होथे; अउ स्वयंभू भगवान भोलेनाथ के शिवलिंग तको जगह-जगह विराजमान हे। छत्तीसगढ़ ला धान के कटोरा भी कहे जाथे काबर कि इहाँ धान के फसल जादा मात्रा मा उपजाय जाथे। अइसनेच हमर छत्तीसगढ़ ला तीरथगढ़ याने तीरतधाम के ठऊर घलो कहे जा सकथे काबर कि ये धरती मा कतको तीरतधाम अउ दार्शनिक स्थल हें, जेमा राजिम नगरी ह बड़ा नामी ठऊर आय। पहिली राजिम ला ÷कमलक्षेत्र÷ के नाम ले घलो जाने जात रिहिसे।

### मा त्रिवेणी संगम राजिम नगरीः-

महानदी, पैरी अउ सोंढूर नदी मन जेन जगा मिले हे; तेन ला त्रिवेणी संगम कहे जाथे। हमर राजिम नगरी ह ÷छत्तीसगढ़ के प्रयाग÷ नाम से प्रसिद्ध हे। जेन हा गरियाबंद जिला मा स्थित हे। इहाँ के भुइयाँ चारों मुड़ा हरियर - हरियर दिखत रहिथे। धान के बाली अउ किसम-किसम के फूल-पान मन ममहावत झूमत रहिथे। लोगन के बोली गुरतुर-गुरतुर लागथे। माघ के महीना मा कुम्भ के मेला के आयोजन होथे। राजिम नगरी हर भारत के पाँचवा धाम के रूप मा प्रसिद्ध हे। माघ पूर्णिमा मा शिवरात्रि तक भव्य आयोजन होथे, जेन पन्द्रह दिन तक रहिथे। छत्तीसगढ़ सरकार डहर ले राजिम मेला ल पाँचवा कुम्भमेला के दर्जा दे गे हे।

### राजीव लोचन मंदिरः-

राजिम मा सुप्रसिद्ध राजीव लोचन भगवान विराजमान हे। इहाँ के भुइयाँ पवित्र माने जाथे। कहे जाथे कि वनवास काल मा श्री रामचन्द्रजी अपन कुल देवता महादेव जी के पूजा करे रिहिस। राजीव लोचन के बारे मा कहे जाथे कि गाँव के एक माईलोगिन राजिम रोज घूम-घूम के तेल बेचत रिहिस। एक दिन वोहर तेल बेचे ला जावत रिहिस त हुरहा जमीन मा दबे पथरा मा हपट गे, अउ मुड़ी मा बोहे तेल के बर्तन हा पूरा खाली होगे। राजिम माता ला अब्बड़ चिंता होय लागिस। तेल के खाली बर्तन ला पथरा ऊपर रख दिस अउ कहे लागिस मँय का करौं भगवान ! कइसे होगे ! घर के मनखे ला का कइसे बताहूँ। अपन आँखी ला मूँद के भगवान ले विनती करे लागिस। हाथ ला थेम के धीरे-धीरे उठ के खाली बर्तन ला उठाये बर देखिस ता, ओखर पाँव तरी के जमीन खिसक गे। आँखी बड़े-बड़े होगे। एकदम अकचका गे। ओखर खाली बर्तन हा तेल से लबालब भर गे रहय। ओखर खुशी के ठिकाना नइ रहिगे। राजिम हा घर जा के जम्मों आपबीती ला बताइस त कोनों नइ पतियावत रिहिस। दूसर दिन फेर तेल बेंचे ला निकल गे। बिहनिया ले संझा होगे फेर तेल एकोकनी नइ सिराये रहय। तब राजिम के घर वाले मन वो पथरा के शिला ला निकालिस त भगवान के मूर्ति रिहिसे अउ ओला अपन घर मा राखिस। तब ले धंधा-पानी बने चले अउ गरीबी भी दूर होगे।

एक दिन राजा जगत पाल के सपना मा राजीव लोचन भगवान हा आइस अउ कहिस कि मोर मूर्ति के स्थापना मंदिर मा करवा दे। मँय राजिम तेलिन के घर मा हो। राजा जगत पाल हा दूसर दिन राजिम तेली के घर चल दिस अउ सपना के बारे मा बताइस। राजिम ओखर बात ल नइ मानिस। राजा बहुत जिद्दी करीस । राजिम बिलख-बिलख के रोये मेहा मोर भगवान ला अपन से दूर नइ कर सकँव। राजा दूसर दिन अपन सैनिक मन ला भेजिस के जबरदस्ती उठा के मूर्ति ल लावव। मूर्ति एकदम गरू होगे, उठबे नइ करिस। तब फिर भगवान हा राजा के सपना मा आ के कहिस के जब तक राजिम के रजामंदी नइ होही, तब तक हिल नइ सकँव। तब राजा राजिम के पास जा के बोलिस कि माता तँय रो झन, जो माँगबे वो देहूँ; बस ये मूर्ति ला मंदिर मा स्थापना करन दे। राजिम माता बोलिस कि राजा मोला भगवान मिल गे अउ कुछ नइ चाही । ते हा भगवान के नाम ला मोर नाम से रखबे अउ ये पूरा संसार मा भगवान ला मोर नाम से जाने जाही । राजा मान गे। तब से राजिम नगर के नाम से आज प्रसिद्ध हे।

### महादेव मंदिरः-

ये मंदिर के बारे मा सुने बर मिलथे कि नदिया के बीचों-बीच म कुलेश्वर महादेव विराजमान हे। कहे जाथे कि वनवास काल मा माता सीता अपन व्रत ला पूरा करे बर नदी मा स्नान कर के बालू (रेती) से महादेव के शिवलिंग बना के पूजा करे रिहिसे। अउ अँजुरी मा भर-भर के जल चढ़ाये रिहिस। तब शिवलिंग मा माता सीता के पाँच अंगरी ले छेद होगे रिहिस । ओखर कारण ओला पंचमुखी महादेव भी कहे जाथे। आज भी माता सीता के अंगरी के निशान देखे बर मिलथे। दूर-दूर से भक्त मन पंचमुखी महादेव के दर्शन करे बर आथे। माँघी पुन्नी मा भव्य कुम्भ मेला के आयोजन होथे। पन्द्रह दिन ले लगातार छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम चलथे अउ बड़े-बड़े राजनेता, फिल्मी हीरो-हीरोइन, कलाकार मन अपन कला प्रर्दशित करथे। देश-विदेश के मनखे मन घलो देखे बर आथें। दर्शन अउ कार्यक्रम के लाभ उठाथे।

### ममा-भांजा मंदिरः-

राजीव लोचन मंदिर ले बाहिर निकलते साठ ममा-भांजा के मंदिर हे। कहे जाथे की कुलेश्वर महादेव अउ राजिव लोचन के दर्शन तब तक पूरा नहीं होय जब तक ममा-भांजा के मंदिर के दर्शन नइ करे। येखर दर्शन बिना लोगन के दर्शन अधूरा माने जाथे।

कहे जाथे कि बाढ़ मा जब कुलेश्वर मंदिर डूबत रिहिसे तब उहाँ ले एक आवाज निकलत रिहिसे बचाव...बचाव.... ममा मँय बूड़त हौं...। तब ममा ह अपन भांजा ला नाव मा सवार हो के बचाये ला गिस। तब से उहाँ ममा अउ भांजा एक साथ एक नाव मा बइठ के नदिया पार नइ कर सकँय।

नदिया के किनारे बने ममा के मंदिर अंदर शिवलिंग ला बाढ़ के जल जइसे ही छूथे, वइसे ही बाढ़ अटाना चालू हो जाथे। कतको बाढ़ आ जथे फेर कुलेश्वर महादेव हर नइ बूड़े।


राजिम त्रिवेणी संगम मा अस्थि विसर्जन करे बर भी आथे। इहाँ मोक्ष के प्राप्ति होथे। दुरिहा-दुरिहा के लोगन मन अस्थि विसर्जन कर के पिंड दान भी करथे।

### कुम्भ मेला व दार्शनिक स्थल :-

माँघी पुन्नी मा कुम्भ के मेला के आयोजन करे जाथे। पन्द्रह दिन तक मनखे के कचाकच भीड़ रहिथे। देश-विदेश ले लोगन मन दर्शन करे बर अउ कुम्भ मेला के आनंद उठाये बर आथे। नदिया के तीर मा बाहर ले आये माला-मुँदरी बेचइया मन के पन्द्रह दिन तक डेरा रहिथे। बड़े-बड़े साधु-संत, चंदन-चोवा लगाय, हाथ मा तिरशूल धरे, डमरू धरे, भभूत चुपरे नागा साधु मन घूमत रहिथें। साधु मन के संगे-संग आम आदमी मन भी पुन्नी नहाये बर आथें। हमर राजिम नगरी हर बहुत बड़े तीरथ धाम कहलाथे । अपन जिनगी मा लोगन मन ला एक बार जरूर राजिम धाम के दर्शन करना चाही।



## भोले की आंखों से



कार्तिकेय कुमार त्रिपाठी राम
गांधीनगर, मध्यप्रदेश

आओ मेरे भोले प्यारे,
जन-जन के दुख मिटा दो सारे,
संग मिल खेलें लुका-छुपाई,
होठों पर ना कोई बुराई।
आओ मेरे भोले ....
किसने कितना पाया हैऔर,
किसने क्या छुपाया है,
भोले की आंखों से कुछ भी,
कभी नहीं छुप पाया है।
आओ मेरे भोले ....
हमनें जो भी कर्म किए हैं,
वो भोले नें परखे हैं,
जांच लिया भोले नें जिसको,
कभी नहीं वो तरसे हैं।
आओ मेरे भोले ...
जो खुद की नजरों से गिरता,
वो ही दिखावा करता है,
डूब गया जो भक्ति रस में,
खुद भोले से तरता है ।
आओ मेरे भोले ....
तनिक नहीं चिंता जीवन की,
भोले का जो साथ मिले,
बांध लें मुस्कानों की गठरी,
मन भर कर बरसात करें।
आओ मेरे भोले..

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# हजरत मोहम्मद पैगम्बर साहब के जन्म दिवस पर

# मुस्लिम समाज ने की अमन चैन की दुआ

-संवाददाता-
**अम्बिकापुर,09 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।**
हजरत मोहम्मद पैगम्बर साहब का जन्म दिन रविवार को शांति के भाईचारे के साथ मनाया गया व देश में अमन चैन व आपसी भाईचारे की दुआ मांगी गई। इस अवसर पर मुस्लिम समाज द्वारा शहर में भव्य जुलूस का आयोजन किया गया। घोड़े, गाजे बाजे, तिरंगा एवं इस्लामी परचम के निकले जुलूस का जगह जगह स्वागत किया गया। शहर के नवागढ़, सद्भावना चौक से शुरू होकर जुलूस समलाय मंदिर, महामाया चौक, सदर रोड, ब्रह्म रोड, संगम चौक, देवीगंज रोड होते हुए कलाकेंद्र मैदान पहुंची। कला केंद्र मैदान में पैगंबर साहब के जन्म दिन के अवसर पर सीरतुन्नबी कमेटी द्वारा वृहद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नाजमिया मस्जिद के पेश इमाम मौलाना सगीर अहमद मिस्बाही ने ईद मिलादुन्नबी के बारे में बताया और उन्होंने दुनिया में अमन,





चैन व शान्ति का पैगाम दिया है। उन्होंने यह संदेश दिया कि शिक्षा इंसान के लिए सबसे अहम है और यह शिक्षा कहीं से भी मिले उसे लेना चाहिए। उनके इस दुनिया में आने से पहले लोग बुराइयों में घिरे हुए थे, आज इस देश में बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ का नारा दिया जाता है लेकिन पैगम्बर साहब ने यह नारा 1400 साल पहले दिया। वे इस दुनिया में हक की आवाज बनकर आए और बेटियों की बेहतर परवरिश का संदेश दिया। उन्होंने यह संदेश दिया कि भूखे को खाना खिलाना और प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ा काम है। मौलाना नूर आलम मिस्बाही ने कहा कि पैगम्बर साहब ने लोगों पर जुल्म नही करने का संदेश दिया। जब वे जानवरों पर जुल्म बर्दाश्त नही कर सकते है तो फिर इंसानों पर जुल्म कैसे बर्दाश्त कर सकते है। उन्होंने कहा कि इस्लाम में जिस्म व कपड़ों को साफ सुथरा रखना ही सफाई नही है बल्कि हमें इसके साथ अपने मोहल्ले व शहर की सफाई का भी ख्याल रखना चाहिए। यदि हम इस्लाम के संदेश का सही तरह से पालन करें तो इस देश व दुनिया में अमन व शांति कायम रहेगी। संबोधन उपरांत देश व प्रदेश व सरगुजा संभाग के लोगों की तरक्की, अमन चैन व आपसी भाईचारे की दुआ मांगी गई। कार्यक्रम का संचालन सैय्यद अख्तर हुसैन ने किया। इस दौरान सीरतुन्नबी कमेटी से मोहम्मद इस्लाम खान, नसीम खान, अब्दुल जाकिर, हसन खान, अशफाक कमर, रशीद अंसारी, रहमत खान, कलीम अंसारी, दानिश रफीक, निक्की खान, जमाल खान मोनू, बाबर इदरीशी, जीबुर रहमान, रेयाजुल हक, इरशाद पिंटू, इमरान सिद्दकी, साबिर, रेयासत, मेराज रंगरेज, शादाब रिजवी, अमीन खान, सद्दाम, दुलारे, मकसूद आलम, अब्दुल सालेम, अजहर, तबरेज आदि मौजूद थे।

### प्रतिभाओं का किया गया सम्मान

जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर सीरतुन्नबी कमेटी द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी प्रतिभावान बच्चों व प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन कर उच्च पदों पर पहुंचने वाले 34 युवाओं का सम्मान किया गया। कमेटी द्वारा कक्षा 10 वीं, 12वीं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों के साथ ही सीजी पीएससी की परीक्षा पास कर अधिकारी बनने वाले युवाओं के साथ ही खेल के क्षेत्र में सरगुजा का नाम रौशन करने वाले बच्चों को शॉल, सील्ड व प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।



## मरीजों के बीच किया गया फल का वितरण

दावते इस्लामी इंडिया की वेल्फेयर डिवीजन गरीब नवाज रिलीफ फाउंडेशन की तरफ से ईद मिलादुन्नबी के मौके पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में 150 मरीजों को फल वितरण किया गया। इस दौरान मुफ्ती अफजल मिस्बाही, मौलाना नसबुलैंन मिस्बाही, मौलाना हसीब उर रहमान, अमजद खान, सरफराज,कारी रमजानव कारी दिलकश आदि शामिल थे।

# बच्ची को चोरी कर ले जा रही महिला पकड़ाई

-संवाददाता-
**अम्बिकापुर,09 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।**
. अंबिकापुर में भी बच्चा चोरी की घटना सामने आई हैं जहां घर के सामने खेल रही 5 वर्षीय बालिका को चाकलेट देकर घर से उठा ले जाने का प्रयास कर रही एक महिला को आज दोपहर मोहल्लेवासियों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। पिछले कुछ दिनों से प्रदेश भर में बच्चा चोरी होने की अपवाह फैलने के बीच शहर में ऐसी घटना घटने से लोग काफी भयभीत हो गए हैं।

जानकारी के अनुसार भट्ठी रोड निवासी वत्सल मेहता की 5 वर्षीय बेटी वर्तिका एक अन्य बच्ची के साथ घर के बाहर बालू पर बैठकर खेल रही थी। तभी एक महिला खेल रहे बच्चों के पास पहुंची और दोनों से बात करने लगी। इस दौरान महिला वर्तिका को चॉकलेट दिलाने की बात कहकर अपने साथ पैदल ले जाने लगी। घर से कुछ ही दूर पहुंची थी कि बच्ची के घर के बगल में रहने वाले युवक को वर्तिका को अनजान महिला के साथ देखकर शक हुआ, वह



महिला से बच्ची के बारे में पूछने लगा। इस दौरान महिला बताई कि बच्ची के घर वालों को मैं जानती हूं, इसलिए इसे साथ ले जा रही हूं। इसके बावजूद भी युवक का शक दूर नहीं हुआ, उसने बच्ची के घर वालों को बुलाकर महिला के बारे में पूछा। परिजन द्वारा उक्त महिला को नहीं पहचानने की बात कही गई। इस दौरान आसपास के लोग वहां जमा हो गए। लोगों को देख महिला अपने बचाव में तरह-तरह की बात करने लगी और अभद्र व्यवहार करने लगी। लोगों ने घटना की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर महिला को हिरासत में ले लिया है। बच्ची को बहला फुसला कर महिला द्वारा ले जाने की घटना घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी में कैद हुई है। इस मामले में एएसपी विवेक शुक्ला ने बताया कि महिला पत्थलगांव की रहने वाली है। उसकी बहन अंबिकापुर में किराए के मकान रहती है। वह यहां पर कुछ दिनों से रह रही थी। इसकी बहन का कहना है कि 10 वर्ष पूर्व पति से तलाक हो चुका है। इसके बाद से उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। मामले की जांच की जा रही है।

# सुपर लीग मुकाबले में अदानी व सरगुजा पुलिस की हुई जीत



-संवाददाता-
**अम्बिकापुर,09 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।.**
गांधी स्टेडियम में खेले जा रहे सरगुजा फुटबॉल लीग प्रतियोगिता के अंतर्गत सुपर लीग में रविवार को दो मैच खेले गए। पहला मैच फुटबॉल क्लब कर्रा राजपुर बनाम अदानी फुटबॉल एकादमी अंबिकापुर के मध्य खेला गया। जिसमें अदानी की टीम ने 2-1 गोल मैच जीत लिया। मैच के प्रथम हाफ में राजपुर की टीम ने अच्छे तालमेल के साथ खेलते हुए 1-0 की बढ़त बना ली थी। पर दसरे हाफ में अदान की टीम ने अपनी चिरपरिचित अंदाज में खेलते हुए लगातार 2 गोल कर टीम को जीत दिलाई। इस तरह सुपर लीग के पहले मैच में अदानी ने जीत हासिल किया। दूसरा मैच सरगुजा पुलिस बनाम सूरज क्लब तालपारा के मध्य खेला गया। प्रथम हाफ के शुरू में ही पुलिस की टीम ने गोल कर 1-0 की बढ़त बना ली थी। कुछ देर बाद तालपारा की टीम ने भी अच्छे ताल मेल के साथ खेलते हुए 1 गोल कर टीम को बराबरी पर ला दिया। मैच के दूसरे हाफ में सरगुजा पुलिस की टीम ने 1 गोल कर टीम को 2-1 गोल से बढ़त दिलायी। जो अंत तक कायम रही। इसतरह सरगुजा पुलिस ने 2-1 गोल से मैच जीत लिया। आज के मैच का निर्णायक विकास इक्क्षसह, रवि तिर्की, अमरदीप, मंगल, अखिलानंद, संदीप थे। सोमवार को प्रथम मैच इंदिरानगर फुटबॉल क्लब बनाम सरगुजा फारेस्ट तथा दूसरा मैच ट्राइबल टाइगर अंबिकापुर बनाम कांतिप्रकाशपुर फुटबॉल क्लब के मध्य खेला जाएगा।

# रस्सा-कस्सी में प्रतिभागी खूब लगा रहे जोर आजमाईश

**15 से शुरू होगा जोन स्तरीय आयोजन**



-संवाददाता-
**अम्बिकापुर,09 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।**
छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में गांव एवं शहर के बच्चे, युवा, बुजुर्ग व महिलाएं उत्साह से भाग ले रहे हैं। रविवार को सीतापुर, लखनपुर एवं अम्बिकापुर नगरीय निकाय के वार्डो में राजीव युवा मितान क्लब स्तर पर छत्तीसगढिया ओलम्पिक का आयोजन किया गया। इस आयोजन में पुरुषों के साथ ही महिलाओं ने भी रस्सा-कस्सी में खूब जोर आजमाईश किये।

अम्बिकापुर में पार्षद श्री दीपक मिश्रा एवं निगम्य आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगई की उपस्थिति में कई खेलों का आयोजन किया गया वही सीतापुर व लाखनपुर में स्थानीय जनपतिनिधि व सीएमओ मौजूद रहे। राजीव युवा मितान क्लब स्तर पर 11 अक्टूबर तक छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का आयोजन होगा। 15 अक्टूबर से जोन स्तर पर शुरू होगा। 8 राजीव युवा मितान क्लब को मिलाकर एक जोन बनाया जाएगा। जोन स्तरीय आयोजन में राजीव यूवा क्लब स्तर पर विजेता प्रतिभागी भाग लेंगे।

उल्लेखनीय है कि पारंपरिक खेलो को बढ़ावा देने तथा लोगों में खेल भावना जागृत करने के उद्देश्य जे प्रदेश भर में 6 अक्टूबर से छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के आयोजन किया जा रहा है।

# छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज के प्रांताध्यक्ष के आगमन पर किया गया स्वागत

-संवाददाता-
**अम्बिकापुर,09 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।**
. छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज जिला सरगुजा ईकाई की प्रत्येक माह होने वाली बैठक शनिवार को स्थानीय सियान सदन में संपन्न हुई। संघ की बैठक में छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज के प्रांताध्यक्ष चेतन भारती एवं उनके दो प्रांतीय पदाधिकारी द्वारा रायपुर से आकर अपनी उपस्थिति प्रदान किया गया। जिनका ढोल नगाड़े के साथ आत्मीय स्वागत किया गया। विशेष रूप से पेंशनर्स समाज की महिला पदाधिकारी मीना वर्मा की पोती कुमारी शताक्षी वर्मा ने छत्तीसगढ़ के राज्य गीत का पूरे सम्मान के साथ गायन कर मंत्रमुग्ध कर दिया। उक्त बैठक में सरगुजा जिले के अध्यक्ष हरिशंकर सिंह द्वारा जिले की तरफ से सभी पदाधिकारी गण एवं सदस्य गण के राय से संघ की विभिन्न समस्याओं एवं मांगों को प्रांताध्यक्ष के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जिस पर प्रांताध्यक्ष चेतन भारती द्वारा प्रमुख रूप से बताया गया कि पेंशनर्स के सत्वों के लिए शासन राज्य पुनर्गठन आयोग की धारा 49 का बहाना बना कर पेंशनर्स के जायज हक को लंबित रखती है या तो देती ही नहीं। इससे पेंशनर्स के साथ घोर अन्याय हो रहा है जबकि यह कोई बाधा नहीं है। उन्होंने बताया कि हम बहुत जल्दी मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के पेंशनर्स सामूहिक रूप से संघर्ष कर इस मिथ्या अवधारणा को समाप्त कराने का प्रयास करेंगे। साथ ही पेंशनर्स के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु शासन स्तर पर प्रयास किये जाने की जानकारी दी गई। साथ ही अन्य विभिन्न प्रकार की समस्याओं के प्रश्नों का समाधान कारक प्रतिउत्तर दिया गया। बैठक में उन्होंने पेंशनर्स समाज के जिला सरगुजा के अध्यक्ष के रूप में किये जाने वाले कार्यों की सराहना करते हुए श्री हरिशंकर सिंह को छत्तीसगढ़ में सरगुजा जिले के पेंशनर्स समाज को अच्छे परफॉर्मेंस के लिए बेस्ट ईकाई का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।इसी प्रकार संघ के उपप्रांताध्यक्ष आरएन अवस्थी को संघ के लिए समर्पित होकर अच्छे कार्यों के वरिष्ठतम पेंशनर्स के रूप में स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। बैठक में सभी पदाधिकारी गण ने अपनी अपनी बात रखी। विशेष रूप से महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष हेमंती प्रजापति द्वारा भावुक होकर पेंशनर्स समाज की समस्याओं की तरफ प्रांताध्यक्ष का ध्यान आकृष्ट कराया। बैठक में उपस्थित पदाधिकारी गण यमुना लाल श्रीवास्तव,अजय श्रीवास्तव, जयप्रकाश प्रकाश चौबे, गोपाल सोनी, त्रिलोचन यादव, शिवप्रसाद जायसवाल, उमेश सिंह, पीडी सिंह, नरेन्द्र सिंह, बृजमोहन पाण्डेय, बीएल गुप्ता, हेमंती प्रजापति, सुमन टोप्पो के साथ साथ अधिकाधिक संख्या में सदस्य गण उपस्थित रहे। बैठक का संचालन मीना वर्मा ने किया। तथा आभार प्रदर्शन संघ के अध्यक्ष हरिशंकर सिंह ने किया।



# सट्टा-पट्टी खेलाते तीन आरोपी गिरफ्तार



-संवाददाता-
**अम्बिकापुर,09 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।**
क्रिकेट मैच के दौरान सट्टा-पट्टा खेलाते कोतवाली पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपियों को अलग-अलग अंतरराज्यीय गिरोह गिरोह से संबंध होने की बात बताई जा रही है। पुलिस ने इनके पास से 25 लाख से अधिक की सट्टा पट्टी, 4 नग मोबाइल, 71 हजार 586 रुपए नगद बरामद की है। पुलिस ने तीनां के खिलाफ सट्टा-पट्टा के तहत कार्रवाई की है।

क्रिकेट मैच के दौरान शहर में अवैध सट्टा खेलाए जाने की जानकारी कोतवाली पुलिस को मिल रही है। कोतवाली प्रभारी रूपेश नारंग ने इस मामले की जानकारी एसपी भावना गुप्ता को दी। एसपी के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला, नगर पुलिस अधीक्षक अखिलेश कौशिक, प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक डॉ प्रशांत देवांगन के नेतृत्व में थाना प्रभारी कोतवाली रुपेश नारंग द्वारा मुखबिर की सूचना अनुसार शहर के चम्बोथी तालाब के स्थित चौरसिया पान ठेला के पास, व जयस्तम्भ चौक के पास दबिश देकर 3 अंतर्राज्यीय गिरोह के सदस्यों की धरपकड़ कि गई। सबसे पहले चौरसिया पान ठेना के पास नटराज मोबाइल का संचालक भास्कर कुमार गुप्ता निवासी मायापुर क्रिकेट मैच में रुपये पैसे का आन लाईन दाव लगाकर जुआ सट्टा खिलवाने का काम किया जारहा था। पुलिस न इसके पास से 55 हजार 75 रुपये, जयस्तंभ चौक के पास से सत्यम सिंह निवासी दर्रीपारा पास से 6 हजार 311 रूपये व चम्बोथी तालाब के पास दबिश देकर अमित कुमार मिश्रा साकिन सत्तीपारा के कब्जे से 10 हजार 200 रुपये जब्त किया गया है। इन तीनों आरोपियों द्वारा क्रिकेट मैच में रुपये पैसे का आन लाईन दांव लगाकर जुआ-सट्टा खिलवा जा रहा था। पुलिस ने बताया कि जुआ-सट्टा एक्ट के तहत कुल 3 प्रकरणों में कार्यवाही की गई है। 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर 25 लाख से अधिक की सट्टा-पट्टी, 4 नग मोबाइल नगद 71 हजार 586 बरामद किया गया हैं। वहीं आरोपियों से अंतर्राज्यीय गिरोह के संबंध में पुलिस पूछताछ कर रही है। संपूर्ण कार्रवाई में सहायक उप निरीक्षक भूपेश सिंह, विवेक पाण्डेय, अभिषेक पाण्डेय, प्रधान आरक्षक सुमार साय, विजय रवि, आरक्षक जयदीप सिंह, सत्येंद्र दुबे, बृजेश राय, अतुल सिंह, सीनू फिरदौसी, विकास सिंह, रुपेश महंत, सपन मण्डल, शिव राजवाड़े, शहबाज खान साइबर सेल से रमेश राजवाड़े, विकास मिश्रा शामिल रहे।

# जश्ने ईद मिलादुन्नबी पर निकाला गया नगर में जुलूस अमन चैन की मांगी दुआ

-संवाददाता-
**लखनपुर ,09 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।**
करोना काल के बाद पहली बार लखनपुर में जश्ने ईद मिलादुन्नबी का पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर लखनपुर अंजुमन गोसिया कमेटी के पदाधिकारियों के नेतृत्व में 9 अक्टूबर दिन रविवार की सुबह लगभग 10:00 बजे जामा मस्जिद लखनपुर से जुलूसए मोहम्मदी जोश खरोश के साथ नगर में निकाला गया। जुलूसए मोहम्मदी जामा मस्जिद लखनपुर से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न मार्गो सहित बस स्टैंड से होते हुए जामा मस्जिद लखनपुर पहुंचकर जुलूस का समापन हुआ। जुलूस में समुदाय के लोगों ने बड़े बड़े परचम लेकर पैगंबर साहब की शान में सरकार की आमद मरहबा, मुख्तार की आमद मरहबा, पत्ती पत्ती फूल फूल या रसूल या रसूल के नारे लगाए गए। जुलूसए मोहम्मदी के समापन पश्चात लखनपुर जामा मस्जिद में मिलाद शरीफ का कार्यक्रम रखा गया था।



मुस्लिम समुदाय के विद्वानों द्वारा पैगंबर मोहम्मद साहब के जीवनी पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला गया। देश में अमन-चैन के लिए दुआएं मांगी गई। इस दौरान एक दूसरे को जश्ने ईद मिलाद उन की मुबारकबाद दी गई तो वही समुदाय के लोगों के द्वारा जामा मस्जिद को रंग-बिरंगे झालर व संगियो से सजाया गया है जोकि आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

# चार दिन से गायब युवती का डेम के पास मिला शव,हत्या की आशंका

-संवाददाता-
**सूरजपुर ,09 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।**
चार दिन पहले रहस्मय ढंग से गायब युवती का गांव के ही डेम के पास संदिग्ध हालात में शव मिलने से सनसनी फैल गई है।सूचना पर पुलिस मौके पर पहुँच कर शव के पंचनामा आदि की कार्रवाई कर रही है।रामानुजनगर ब्लॉक के ग्राम तिवरागुड़ी की 29 वर्षीय पूर्णिमा का शव गांव के ही एक डेम के पास मिला है।शरीर मे कई जगह चोट के निशान से हत्या की आशंका व्यक्त की जा रही है।बताया गया है कि महिला 5 अक्टूबर से गायब थी और उसके गायब होने की सूचना आज ही पुलिस को दी गई थी और शाम होते होते उसका शव मिल गया जिससे मामला पूरी तरह संदेहास्पद लग रहा है। युवती के पति के अनुसार 5 अक्टूबर को मूंगफली बाड़ी में काम कर रहे थे इसी बीच पूर्णिमा नहाने चली गई और वह घर चला गया।शाम तक नही लौटी तो खोजबीन कर रहे थे पर कहीं नही मिली तो आज सूचना थाने में दी और देर शाम शव मिल गया।पुलिस मामले की जांच कर रही है मौके पर अधिकारियों का दल भी पहुचा हुआ है।



# पहली छमाही में रियल एस्टेट में पीई निवेश 40 प्रतिशत बढ़कर 2.8 अरब डॉलर पर

नयी दिल्ली, 09 अक्टूबर 2022। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में रियल एस्टेट क्षेत्र में निजी इक्विटी (पीई) निवेश 40 प्रतिशत बढ़कर 2.8 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। संपत्ति सलाहकार एनारॉक की रिपोर्ट में कहा गया है कि अप्रैल-सितंबर छमाही में मुख्य रूप से कार्यालय परिसंपत्तियों में विदेशी कोषों का प्रवाह बढ़ने से कुल निजी इक्विटी निवेश बढ़ा है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में रियल एस्टेट क्षेत्र में निजी इक्विटी निवेश दो अरब डॉलर रहा था।

एनारॉक कैपिटल के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) शोभित अग्रवाल ने कहा, ''रियल एस्टेट क्षेत्र में निवेशकों का भरोसा भारतीय अर्थव्यवस्था और रियल एस्टेट उद्योग में सुधार को दर्शाता है।'' रिपोर्ट के अनुसार, चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में कुल प्रवाह में विदेशी निवेशकों का योगदान 78 प्रतिशत रहा, जो भारतीय रियल एस्टेट में उनके भरोसे को दर्शाता है। एक साल पहले की समान अवधि के मुकाबले वित्त वर्ष 2022-23 की अप्रैल-सितंबर छमाही में घरेलू निवेश में 45 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि विदेशी निवेश में 36 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। वित्त वर्ष की पहली छमाही में 10 बड़े सौदों का कुल पीई निवेश में हिस्सा 86 प्रतिशत रहा, जो एक साल पहले की समान अवधि में 80 प्रतिशत रहा था।



अग्रवाल ने कहा कि रियल एस्टेट क्षेत्र में कुल संपत्ति खंड में कार्यालय बाजार की मांग में 'सार्थक सुधार' देखने को मिला है। चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-सितंबर की अवधि के दौरान कार्यालय संपत्तियों में पीई निवेश 186.2 करोड़ डॉलर रहा है, जो पिछले वित्त वर्ष के लगभग बराबर है। कोविड-19 महामारी और लॉकडाउन के कारण कैलेंडर वर्ष 2020 और 2021 के दौरान कार्यालय बाजार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा था। वर्क फ्रॉम होम यानी घर से काम की वजह से भी कार्यालय स्थल की मांग घटी थी।

सलाहकार कंपनी ने कहा कि महामारी के बाद के समय में घरों की मांग में सुधार हुआ है। पहली छमाही में आवासीय संपत्ति खंड निवेश पाने के मामले में दूसरे स्थान पर रहा है। इस क्षेत्र में कुल निवेश का प्रवाह 37.2 करोड़ डॉलर रहा है। एनारॉक ने कहा कि भौगोलिक क्षेत्रों की बात की जाए, तो दिल्ली-एनसीआर में सबसे अधिक पीई निवेश आया है।

एनसीआर में पीई निवेश पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 18.1 करोड़ डॉलर से बढ़कर चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में 94.2 करोड़ डॉलर पर पहुंच गया है। पिछले वित्त वर्ष की दूसरी छमाही यानी अक्टूबर-मार्च में एनसीआर में पीई निवेश 59 करोड़ डॉलर रहा था। रियल्टी कंपनियों के निकाय नारेडको के अध्यक्ष राजन बंदेलकर ने कहा कि महामारी और मौजूदा आर्थिक चिंताओं के बीच भारतीय रियल एस्टेट क्षेत्र ने मजबूत क्षमता दिखाई है। रियल्टी कंपनी सिग्नेचर ग्लोबल के संस्थापक एवं चेयरमैन प्रदीप अग्रवाल ने कहा कि कुल मिलाकर (आवासीय और वाणिज्यिक) रियल एस्टेट क्षेत्र ने पिछले एक साल में काफी अच्छा प्रदर्शन किया है।

# एसबीआई 746 करोड़ रुपये की वसूली के लिए करेगा एनपीए खातों की नीलामी

नयी दिल्ली, 09 अक्टूबर 2022। सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने अगले महीने तक अपनी कई गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों (एनपीए) की बिक्री कर 746 करोड़ रुपये बकाये की वसूली की योजना बनाई है। एसबीआई इन एनपीए की नीलामी के जरिये बिक्री करने जा रहा है। इसके लिए जारी निविदा दस्तावेज में बैंक ने कहा कि इन परिसंपत्तियों में सिंटेक्स बीएपीएल का फर्जी कर्ज खाता भी शामिल है।




बीएपीएल का यह कर्ज खाता फर्जी होने से बैंक ने इसकी ई-नीलामी में सिर्फ परिसंपत्ति पुनर्गठन कंपनियों (एआरसी) के ही शामिल होने की बात कही है। चार नवंबर को होने वाली इस नीलामी में एसबीआई अपने एनपीए की बिक्री के लिए एआरसी एवं वित्तीय संस्थानों, बैंकों या गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) से बोलियां आमंत्रित करेगा।

इस दौरान सिंटेक्स बीएपीएल के पास बकाया 197.74 करोड़ रुपये, सूरत हजीरा एनएच6 टॉलवे प्राइवेट लिमिटेड के पास बकाया 335.54 करोड़ रुपये और श्रीभाव पॉलिवीव्ज प्राइवेट लिमिटेड के खाते की 20.20 करोड़ रुपये के बकाये की वसूली के लिए नीलामी की जाएगी। इसके अलावा एसबीआई 31 अक्टूबर को भी तीन खातों की ई-नीलामी करेगा। इनमें वीवीएफ इंडिया लिमिटेड के 154.37 करोड़ रुपये, अशोक मैग्नेटिक्स लिमिटेड के 23.82 करोड़ रुपये और अग्रवाल्स पॉलीट्रेड के 15.03 करोड़ रुपये के बकाया खाते शामिल हैं।

# एफपीआई ने अक्टूबर में अबतक शेयरों में 2,400 करोड़ रुपये डाले



नयी दिल्ली, 09 अक्टूबर 2022। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने सितंबर में 7,600 करोड़ रुपये से अधिक की निकासी करने के बाद भारतीय शेयरों में फिर से लिवाली शुरू कर दी है। अक्टूबर के पहले सप्ताह में एफपीआई ने घरेलू शेयर बाजारों में 2,400 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है। विशेषज्ञों का कहना है कि कई वैश्विक और घरेलू कारकों की वजह से आने वाले महीनों में एफपीआई के प्रवाह में उतार-चढ़ाव बना रहेगा।

कोटक सिक्योरिटीज के इक्विटी शोध प्रमुख श्रीकांत चौहान ने कहा, ''अमेरिका में रोजगार के अवसरों में गिरावट और ऑस्ट्रेलियाई केंद्रीय बैंक द्वारा ब्याज दरों में उम्मीद से कम की वृद्धि के बीच निवेशकों का मानना है कि वैश्विक दरें जल्द चरम पर पहुंच जाएंगी। हालांकि, तबतक एफपीआई के प्रवाह में उतार-चढ़ाव रहेगा।'' डिपॉजिटरी के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने तीन से सात अक्टूबर के दौरान शेयरों में शुद्ध रूप से 2,440 करोड़ रुपये का निवेश किया है। सितंबर में उन्होंने शेयरों से 7,600 करोड़ रुपये से अधिक निकाले थे।

# भारत,यूएई ऊर्जा,कौशल और शिक्षा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाकर लाभांवित हो सकते हैं : रिपोर्ट

नयी दिल्ली, 09 अक्टूबर 2022। भारत और संयुक्त अरब अमीरात शिक्षा, ऊर्जा, कौशल और रक्षा जैसे पारस्परिक हित वाले कई क्षेत्रों में ज्ञान और सर्वश्रेष्ठ तौर-तरीके साझा करके अपने बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) का उल्लेखनीय तरीके से लाभ उठा सकते हैं। डेलॉयट इंडिया की एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। दोनों देशों के बीच व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता (सीईपीए) इस वर्ष एक मई से लागू हुआ है। इसका उद्देश्य द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को बढ़ावा देना और आगामी वर्षों में आपसी व्यापार को बढ़ाकर 100 अरब डॉलर पर पहुंचाना है।



रिपोर्ट में कहा गया, ''तरजीही व्यापार समझौते के तहत पारस्परिक हित के विभिन्न क्षेत्रों में ज्ञान और सर्वश्रेष्ठ तौर-तरीके साझा करने से दोनों अर्थव्यवस्थाओं को लाभ पहुंच सकता है।'' इसमें कहा गया है कि भारत की अर्थव्यवस्था अपनी घरेलू आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए कच्चे तेल के आयात पर बहुत अधिक निर्भर है और रूस तथा यूक्रेन के बीच मौजूदा भूराजनीतिक तनाव तथा ईरान से आपूर्ति कम होने से व्यापक आर्थिक बुनियाद प्रभावित हो रही है। इसमें कहा गया, ''इन अस्थिरताओं का अर्थ यह है कि भारत को वैकल्पिक ईंधन की खोज करके और कच्चे तेल की आपूर्ति के लिए नए रास्तों की तलाश करके अपनी ऊर्जा निर्भरता को कम करना चाहिए जिससे कि निर्बाध आपूर्ति जारी रह सके।'' रिपोर्ट के मुताबिक, भारत-यूएई ऊर्जा साझेदारी के तहत यूएई ने भारत की ऊर्जा आवश्यकताओं की प्रतिस्पर्धी दरों पर पूर्ति करने का वादा किया है। उसने भारतीय अर्थव्यवस्था को रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार के निर्माण में मदद देने का वादा भी किया है।

इसमें कहा गया, ''इससे भारत ऊर्जा क्षेत्र में और आत्मनिर्भर बन सकेगा,'' तथा समझौते से खाड़ी क्षेत्र में भारतीय कार्यबल के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और यहां रहने वाले भारतीय स्वदेश जो धन भेजते हैं उसमें भी वृद्धि होगी। डेलॉयट इंडिया में भागीदार एवं यूएई कॉरिडोर लीडर जेहिल ठक्कर ने कहा कि समझौते की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि इसे दोनों देशों में कितने प्रभावशाली तरीके से लागू किया जाता है। यह मुक्त व्यापार समझौता भारतीय कंपनियों को वृहद वैश्विक बाजार में कदम रखने और तेजी से बढ़ने का अवसर देगा। उन्होंने कहा कि सीईपीए से भारतीय स्टार्टअप को खाड़ी क्षेत्र के अन्य देशों बहरीन, कुवैत, ओमान, कतर और सऊदी अरब तक पहुंच का अवसर भी मिलेगा।

# गंभीर डिप्रेशन में सबसे कारगर है ECT थेरपी,खर्च कम-परिणाम बेहतर

मानसिक स्वास्थ्य मौजूदा समय की प्राथमिकता भी है और इससे संबंधित विकार बड़ी चुनौती भी। पिछले कुछ वर्षों में मनोरोगों के मामलों में तेजी से उछाल देखा गया है, विशेषकर कोरोना महामारी के बाद से मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के ग्राफ में बड़ी स्पाइक देखी जा रही है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का यह भी कहना है कि इस महामरी के कारण जिस तरह के माहौल बने, और इससे उत्पन्न परिस्थितियों ने जिस प्रकार से लोगों की मनोस्थिति को प्रभावित किया है, ऐसे में आने वाले वर्षों में इसके आंकड़े और भी बढ़ने की आशंका है। डॉक्टर्स का कहना है कि इस खतरे को ध्यान में रखते हुए हर उम्र के लोगों को मानसिक स्वास्थ्य को लेकर विशेष ध्यान देते रहने की आवश्यकता है। इसके लक्षणों को नजरअंदाज करना बड़ी समस्याओं का कारण बन सकता है।



वैश्विक स्तर पर बढ़ रही मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में लोगों को जागरूक करने और इस बढ़ते खतरे को कम करने के लिए हर साल 10 अक्तूबर को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। इस लेख में हम उस रामबाण थेरपी के बारे में जानेंगे जिसे मनोरोग विशेषज्ञ गंभीर अवसाद और आत्महत्या के विचारों जैसी मनोस्थिति को ठीक करने में सबसे प्रभावी मानते आ रहे हैं।

हालांकि दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि इस थेरपी को लेकर लोगों के मन में कई प्रकार के मिथ्स हैं, जिसके कारण समय के साथ यह प्रभावी थेरपी उपचार प्रक्रियाओं से हटती जा रही है। आइए इस बारे में आगे विस्तार से समझते हैं।

इलेक्ट्रोकन्वल्सिव थेरपी के बारे में जानिए

गंभीर मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के इलाज के लिए जिस प्रभावी उपचार विधि की बात की जा रही है वह है- ईसीटी थेरपी। ईसीटी यानी कि इलेक्ट्रोकन्वल्सिव थेरपी को लंबे समय से गंभीर अवसाद और बाइपोलर डिसऑर्डर के प्रभावी इलाज के तौर पर प्रयोग में लाया जाता रहा है। ईसीटी के दौरान एनेस्थीसिया के साथ रोगी के मस्तिष्क में इलेक्ट्रिकल स्टिमुलेशन यानी कि विद्युत उत्तेजना दी जाती है। विशेषज्ञों का कहना है कि कुछ रोगियों में यह इतनी प्रभावी है कि एक-दो सेशन में ही गंभीर अवसाद के लक्षणों को बिल्कुल कम होते देखा गया है।

हालांकि ईसीटी को लेकर लोगों के मन में कई प्रकार के डर और मिथ्स हैं, आइए इस बारे में विशेषज्ञ से समझते हैं।

क्या कहते हैं मनोरोग विशेषज्ञ?

ईसीटी के बारे में समझने और इसकी प्रभाविकता को जानने के लिए हमने इंस्टीट्यूट ऑफ़ ह्यूमन बिहेवियर एंड अलाइड साइंसेज (इहबास) दिल्ली में मनोचिकित्सा के प्रोफेसर डॉ ओमप्रकाश से संपर्क किया। डॉ ओमप्रकाश बताते हैं, शोध और अनुभव दोनों के आधार पर कहा जा सकता है कि गंभीर अवसाद और आत्महत्या के विचारों से परेशान लोगों को जल्द से जल्द आराम दिलाने में ईसीटी अत्यधिक प्रभावी है।



नैदानिक साक्ष्य बताते हैं कि गंभीर डिप्रेशन, बाइपोलर डिसऑर्डर और सिजोफ्रेनिया के शिकार लोगों को ईसीटी से जल्द और दीर्घकालिक आराम मिल सकता है। कैटेटोनिया वाले रोगियों में भी ईसीटी से लाभ देखा गया है। कैटेटोनिया में रोगी बहुत अधिक उत्तेजित होकर खुद को गंभीर नुकसान भी पहुंचा सकता है।

डॉ ओमप्रकाश कहते हैं, गंभीर डिप्रेशन या आत्महत्या के विचारों से परेशान रोगियों को त्वरित उपचार की आवश्यकता होती है, इसमें दवाइयों के असर करने या अन्य थेरपी के प्रभाव तक का इंतजार नहीं किया जा सकता है, ऐसे मामलों में ईसीटी से जल्द आराम पाया जा सकता है। आत्महत्या के प्रयास वाले लोगों के फिर से प्रयास की आशंका अधिक होती है, इस थेरपी के माध्यम से इस जोखिम को भी कम किया जा सकता है। हालांकि अफसोसजनक यह है कि लोगों के मन में ईसीटी को लेकर कई प्रकार के मिथ्स और डर हैं, जिसको दूर किया जाना बहुत आवश्यक है।

ईसीटी को लेकर डर क्यों है?

डॉ ओमप्रकाश कहते हैं, मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को लेकर समाज में बड़ी स्टिग्मा है। ईसीटी जैसे प्रभावी उपचार माध्यमों के प्रयोग में आती कमी के लिए भी इसी स्टिग्मा को एक कारण माना जा सकता है। ईसीटी में रोगी के मस्तिष्क में विशेष उपकरणों की मदद से विद्युत उत्तेजना बढ़ाई जाती है। फिल्मों में इस थेरपी का इतना गलत चित्रण किया गया है जिसने लोगों में इस प्रभावी थेरपी को लेकर डर बना दिया है, जबकि असलियत बिल्कुल अलग है।

फिल्मों में जिस तरह से दिखाया जाता है कि ईसीटी काफी दर्दकारक है,रोगी छटपटाता है, लोग उसे पकड़कर रखते हैं, वास्तविकता में ऐसे कुछ भी नहीं है। इस तरह के भ्रम के कारण ईसीटी जैसी प्रभावी थेरपी से लोग दूर भागते हैं। इसकी प्रक्रिया और प्रभावों के बारे में जानना बहुत आवश्यक है।

ईसीटी कैसे दी जाती है?

जिस तरह से फिल्मों में दिखाया जाता है, उससे बिल्कुल अलग ईसीटी प्रशिक्षित विशेषज्ञों की निगरानी में रोगी को एनस्थीसिया देकर की जाने वाली प्रक्रिया है, जिसमें बहुत निम्न स्तर का एहसास होता है। ईसीटी उपचार के पहले रोगी की कई स्तर पर जांच की जाती है। उपचार के समय मरीज को जनरल एनस्थीसिया दी जाती है। खोपड़ी पर मसल रिलैक्सेंट और इलेक्ट्रोड लगाए जाते हैं, जिसके माध्यम से रोगी का मस्तिष्क उत्तेजित होता है। नियंत्रित रूप से प्रशिक्षित पेशेवर इलेक्ट्रिकल प्लसेज के माध्यम से शॉक देते हैं, जिससे मस्तिष्क की उत्तेजना बढ़ाई जाती है।

सबसे महत्वपूर्ण बात इस प्रक्रिया के दौरान रोगी अचेतन अवस्था में होता है और 5-10 मिनट के बाद जाग जाता है। थेरपी पूरी होने के बाद उसे हल्की सर्जरी जैसा एहसास होता है, रोगी को कुछ घंटे के बाद घर भी भेज दिया जाता है। यह पूरी तरह से सुरक्षित प्रक्रिया है।

ईसीटी थेरपी के दुष्प्रभाव भी हैं?

डॉ ओमप्रकाश बताते हैं, किसी भी चिकित्सा प्रक्रिया की तरह, ईसीटी के भी कुछ जोखिम हो सकते हैं। इसमें रोगी को कुछ समय के लिए याददाश्त की समस्या और सीखने-निर्णय लेने में कठिनाई महसूस हो सकती है। ज्यादातर मामलों में, कुछ समय में ये दिक्कतें स्वत- ठीक हो जाती हैं। उपचार के दिन ईसीटी के सबसे आम दुष्प्रभावों में रोगी के मतली, सिरदर्द, थकान, भ्रम जैसी दिक्कत हो सकती है, जो कुछ घंटे में ठीक हो जाती है।

# चिंता-तनाव जैसी मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं में नियमित योग से मिल सकता है लाभ,ये आसन हैं कारगर

चिंता-तनाव जैसी मानसिक स्वास्थ्य की समस्याएं मौजूदा समय की बड़ी चुनौतियों में से एक है। आमौतर पर इस तरह की समस्याओं को गंभीरता से नहीं लिया जाता है जिसके कारण यह आगे चलकर अवसाद जैसा गंभीर रूप ले सकती हैं। मानसिक स्वास्थ्य विकार, शारीरिक समस्याओं का भी कारण बन सकते हैं जिसके बारे में सभी लोगों को गंभीरता से ध्यान देने की आवश्यकता होती है।

चिंता-तनाव जैसे विकार कई कारणों से हो सकते हैं, इनपर समय रहते ध्यान देकर प्रबंधन के उपाय करना बहुत आवश्यक हो जाता है। वैश्विक स्तर पर बढ़ रही मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में लोगों को जागरूक करने और इस बढ़ते खतरे को कम करने के लिए हर साल 10 अक्तूबर को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है।

योग विशेषज्ञ कहते हैं, मानसिक स्वास्थ्य विकारों के जोखिम को कम करने और चिंता-अवसाद जैसी समस्याओं से बचे रहने के लिए सभी लोगों को दिनचर्या में योगासनों को शामिल करना चाहिए। योग के अभ्यास की आदत ध्यान केंद्रित करने, नकारात्मक विचारों को दूर करने, समग्र मनोदशा में सुधार करने और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर रखने में आपके लिए सहायक हो सकता है। अवसाद जैसी गंभीर समस्याओं के लक्षणों को कम करने में भी योग के नियमित अभ्यास से लाभ पाया जा सकता है। आइए जानते हैं कि नियमित रूप से योग के अभ्यास से किस प्रकार से मानसिक स्वास्थ्य को लाभ मिल सकता है, इसके लिए किन आसनों का अभ्यास करना कारगर माना जाता है?



**मानसिक स्वास्थ्य के लिए प्राणायाम का अभ्यास**

अध्ययनकर्ताओं ने पाया कि मानसिक स्वास्थ्य की समस्याओं में नियमित रूप से योगासनों, विशेषकर प्राणायाम के अभ्यास से विशेष लाभ मिल सकता है। साल 2013 के एक अध्ययन में पाया गया कि प्राणायाम के अभ्यास से तनाव के स्तर को कम किया जा सकता है। शोधकर्ताओं ने बताया कि प्राणायाम तंत्रिका तंत्र को शांत करने के साथ आपकी तनाव प्रतिक्रिया में सुधार करता है। 2013 के एक अन्य अध्ययन में भी इसी तरह के लाभ देखने को मिले। जिन लोगों ने प्राणायाम का अभ्यास किया, उन्होंने चिंता-घबराहट का अनुभव कम किया।

**वृक्षासन से बेहतर होती है मानसिक स्वास्थ्य स्थिति**

वृक्षासन योग जिसे ट्री पोज के रूप में जाना जाता है इसके अभ्यास की आदत बनाना भी संपूर्ण स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने में आपके लिए सहायक है। मन को शांत करने और हृदय गति को नियंत्रित रखने में भी इस योग के अभ्यास के लाभ देखे गए हैं। यह आत्मविश्वास के स्तर को बढ़ाने में भी मदद करता है। वृक्षासन योग मस्तिष्क के संतुलन को बढ़ाने, काल्फ, जांघों और ग्लूट्स को ताकतवर बनाने, कूल्हे, कमर और पेल्विक के लचीलेपन में भी सुधार करता है।

**मत्स्यासन योग का करें अभ्यास**

मत्स्यासन योग जिसे फिश पोज के रूप में जाना जाता है, यह योगासन भी मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के जोखिम को कम करने में लाभकारी मानी जाती है। यह आसन छाती के विस्तार के साथ ऑक्सीजन के संचार को बढ़ावा देने में भी सहायक है। इससे हृदय चक्र में भी लाभ होता है, जो आपके शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य में कई प्रकार के लाभ दे सकता है। शारीरिक समन्वय और एकाग्रता को बेहतर बनाए रखने के लिए भी मत्स्यासन योग के अभ्यास की आदत बनाना आपके लिए लाभकारी हो सकता है।

# रोज सुबह पीना चाहिए ब्रोकली के जूस,जानिए क्या है इसके बेहतरीन फायदे

ब्रोकली खाना सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है। ब्रोकली के साथ उसका जूस भी शरीर को कई फायदे पहुंचा सकता है। जी दरअसल रोज इसके सुबह खाली पेट सेवन से सेहत से जुड़ी कई समस्याएं दूर हो सकती है। आपको बता दें कि ब्रोकली में फाइबर और विटामिन सी भरपूर मात्रा में पाया जाता है, जो हमारे शरीर के लिए जरूरी है। केवल यही नहीं बल्कि इसके अलावा, इसमें प्रोटीन, एंटीऑक्सीडेंट, आयरन, कैल्शियम, सेलेनियम, पॉलीफेनोल के साथ विटामिन ए भी पाया जाता है। अब हम आपको बताते हैं ब्रोकली के जूस के अद्भुत फायदे।

इम्यूनिटी- विटामिन सी से भरपूर ब्रोकली का जूस रोज सुबह खाली पेट पीने से इम्यूनिटी बूस्ट होती है, जो आपके शरीर को वायरस और बैक्टीरिया से दूर रखता है।

खराब कोलेस्ट्रॉल- शरीर में खराब कोलेस्ट्रॉल (ङ्खङ्खस्र ष्द्धश्चद्यद्गह्य-ह्लद्गह्म्श्चद्य) का हाई लेवल दिल की बीमारी का कारण बनता है। इसके चलते दिल का दौरा भी पड़ सकता है। हर दिन सुबह ब्रोकली का जूस पीने से कोलेस्ट्रॉल लेवल कंट्रोल होता है। इसमें फाइबर पाया जाता है, खराब कोलेस्ट्रॉल को कम करता है।

मजबूत हड्डियां- ब्रोकली हड्डियों के लिए भी फायदेमंद होता है। जी दरअसल इसमें मौजूद कैल्शियम हड्डियां को मजबूत बनाता है और इससे जुड़ी बीमारियों को भी दूर रखता है।

# सिख परिवार का हत्यारा पहले भी कर चुका खौफनाक काम,17 साल पहले चाकू के दम पर की थी लूट

**सैन फ्रांसिस्को , 09 अक्टूबर 2022।** संयुक्त राज्य अमेरिका के कैलिफोर्निया में भारतीय मूल के सिख परिवार के चार लोगों के अपहरण और हत्या के आरोपी जीसस सालगाडो को लेकर एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सालगाडो ने 17 साल पहले भी इसी तरह की एक लूट की घटना को अंजाम दिया था। जिसके बाद उसे जेल भी हुई थी।

भारतीय मूल के सिख परिवार के चार लोगों की हत्या के मामले में उसकी तस्वीर देखने के बाद 17 साल पहले की घटना के पीड़ित सामने आए हैं। वहीं, स्थानीय पुलिस कर्मियों ने भी उसके पुराने रिकॉर्ड साझा किए हैं। उसमें साल 2005 में की गई डकैती भी शामिल है। कैलिफ़ोर्निया डिपार्टमेंट ऑफ़ करेक्शंस एंड रिहैबिलिटेशन के अनुसार, सालगाडो को 2007 में 11 साल जेल की सजा सुनाई गई थी। इसके बाद साल 2015 में उसे रिहा कर दिया गया था और तीन साल बाद पैरोल से छुट्टी दे दी गई थी।

**पहले भी ऐसे ही लूट को दिया था अंजाम**

अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 17 साल पहले जिस परिवार के साथ सालगाडो ने लूट की घटना को अंजाम दिया था, उनका मर्सिड शहर में ट्रकिंग कंपनी थी। सालगाडो उनकी कंपनी में काम भी करता था, लेकिन 2004 में उसे निकाल दिया गया था क्योंकि उस पर पैसे चोरी करने का संदेह था। उस घटना की पीड़िता ने बताया कि 19 दिसंबर, 2005 की रात को जब मैं अपने घर के सामने के दरवाजे को बंद कर रही थी, तभी उसने बंदूक निकाली और सिर के पीछे लगा दी। इसके बाद जीसस सालगाडो ने उनके दोनों पति-पत्नी और उनकी 16 साल की बेटी के साथ ही उनके एक एन्य दोस्त के सिर पर बंदूक रख कर सबके हाथों को डक्ट टेप से बांध दिया। उसके बाद उसने जमकर लूट-पाट की। जेवर, अंगूठी और नकदी आदि लेने के बाद उसने सबको पूल में धक्का देकर भाग गया था। बाद में जब इस लूट की पुलिस ने जांच की तो उसे पकड़ लिया गया और उस पर मुकदमा चला। इसके बाद साल 2007 में उसे जेल भेज दिया गया था।





**अपहरण के बाद हुई थी हत्या**

अमेरिका में एक सिख परिवार के चार सदस्यों की अपहरण के बाद हत्या कर दी गई थी मृतकों में एक दंपती, उनकी आठ महीने की बच्ची व बच्ची का चाचा शामिल है। चारों पंजाब के होशियारपुर मूल के सिख एनआरआई परिवार के सदस्य थे। आशंका है कि अपहर्ता ने ही चारों की हत्या कर दी। बता दें, अमेरिका के कैलिफोर्निया प्रांत के मर्सिड शहर में सोमवार को चार भारतवंशियों जसदीप सिंह, उनकी पत्नी जसलीन कौर, उनकी बच्ची आरुही और जसदीप के भाई अमनदीप सिंह का अपहरण कर लिया गया था। चारों के शव एक बगीचे में पाए गए थे।

अमेरिकी अधिकारियों ने बताया कि इन चारों का कैलिफोर्निया के मर्सिड के एक व्यवसायिक कार्यालय से अपहरण कर लिया गया था। मर्सिड के शेरिफ वर्न वार्नके ने बताया कि चारों के शव बुधवार शाम को इंडियाना रोड और हचिंसन रोड के पास एक बगीचे में मिले। बगीचे में शव मिलने की मजदूर ने पुलिस को दी थी। घटना स्थल पर चारों के शव पास पास ही पड़े मिले।

**एक संदिग्ध को हिरासत में लिया था**

अपहरण के मामले में अमेरिकी पुलिस ने कल सालगाडो को गिरफ्तार किया था। वह खुद भी गंभीर हालत में मिला था। समझा जा रहा है कि उसने खुदकुशी का प्रयास किया था। इसके अलावा अपहृतों की कार सोमवार देर रात जली हुई हालत में मिली थी। जासूसों ने अमेरिकी पुलिस को मंगलवार सुबह बताया था कि मर्सिड काउंटी के एटवाटर में एक एटीएम में अपहृत लोगों में से एक के बैंक एटीएम कार्ड का इस्तेमाल किया गया है।

# बिगड़ा अमेरिकी तेल का खेल, ओपेक ने घटाया उत्पादन, सारी कोशिशें नाकाम



**वाशिंगटन/लंदन, 09 अक्टूबर 2022।** तेल उत्पादक देशों के संगठन ओपेक प्लस ने पिछले हफ्ते उत्पादन घटाने का फैसला लिया। अमेरिका इस फैसले के विरोध में था। यह कदम बाइडन प्रशासन और सऊदी शाही परिवार के बीच खाई पैदा करने वाला माना जा रहा है। जबकि दोनों एक-दूसरे के भरोसेमंद सहयोगी रहे हैं।

सूत्रों ने कहा कि व्हाइट हाउस ने ओपेक देशों द्वारा उत्पादन में कटौती रोकने के काफी प्रयास किए। बाइडन को उम्मीद है कि मध्यावधि चुनाव से पहले अमेरिकी तेल का मूल्य फिर बढ़ेगा, जबकि वह यूक्रेन युद्ध के दौरान रूसी ऊर्जा राजस्व सीमित करना चाहते हैं। लेकिन ओपेक देशों के उत्पादन घटाने के कारण सारी योजनाओं पर ग्रहण लग सकता है।

## खशोगी की हत्या पर रिपोर्ट से संबंधों में आई खटास

बाइडन के राष्ट्रपति बनने के बाद वाशिंगटन ने एक रिपोर्ट जारी की जो पत्रकार जमाल खशोगी की 2018 में हुई हत्या में राजकुमार मोहम्मद बिन सलमान का नाम आया। राजकुमार अब सऊदी के पीएम हैं। उनके वकील अमेरिकी कोर्ट में बहस कर रहे हैं कि वे खशोगी की मौत में अभियोजन से मुक्त हैं। लेकिन खशोगी की मृत्यु को लेकर दोनों देशों में आई खटास जारी है।

## अमेरिका की सारी कोशिशें नाकाम

अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा अधिकारी ब्रेट मैकगर्क और यमन के प्रशासन के विशेष दूत टिम लेंडरकिंग के साथ बाइडन के शीर्ष ऊर्जा दूत अमोस होचस्टीन ने ओपेक+ के निर्णय सहित ऊर्जा मुद्दों पर चर्चा करने के लिए पिछले महीने सऊदी अरब की यात्रा की थी। इस यात्रा के बावजूद वो उत्पादन में कटौती को रोकने में नाकाम रहे। ऐसा ही कुछ करने का प्रयास जुलाई में अपनी यात्रा के दौरान राष्ट्रपति जो बाइडन ने भी किया, लेकिन वह भी असफल रहे थे। और भी कई मामलों पर अमेरिका विफल रहा।

## सऊदी दे रहा है अपनी दलील

सऊदी सरकार के ऊर्जा मंत्री प्रिंस अब्दुल अजीज ने बताया कि हम सबसे पहले सऊदी अरब साम्राज्य के हितों और फिर उन देशों के हितों से चिंतित हैं। ओपेक व ओपेक+ गठबंधन के देशों ने हम पर भरोसा किया है। उन्होंने यहां तक कहा कि रूसी तेल की कीमत पर अमेरिकी सरकार द्वार लगाया गया मूल्य कैप अनिश्चितता पैदा कर रहा है।



# सर्दियों के साथ ब्रिटेन-यूरोप में बढ़ रहे कोरोना मामले, ओमिक्रॉन के नए सबवेरिएंट भी आने लगे सामने

**लंदन, 09 अक्टूबर 2022।** पश्चिमी देशों खासकर यूरोप और ब्रिटेन में सर्दियां बढ़ने के साथ घातक कोरोना का खतरा भी बढ़ता जा रहा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने चेताया है कि उपलब्ध वैक्सीन के प्रकार पर भ्रम की स्थिति बूस्टर डोज को सीमित कर सकती है। बीती गर्मियों में हावी ओमिक्रॉन के सबवेरिएंट बीए.4 व बीए.5 अभी भी ज्यादातर संक्रमणों के पीछे हैं। लेकिन चिंता की बात यह है कि अब ओमिक्रॉन के नए सबवेरिएंट भी सामने आने लगे हैं।

सीएनएन की खबर के अनुसार बुधवार देर रात जारी किए गए डब्ल्यूएचओ के आंकड़े दिखाते हैं कि परीक्षण में बड़ी गिरावट के बावजूद, यूरोप में मामले पिछले हफ्ते 15 लाख तक पहुंच गए जो एक हफ्ते पहले से 8 फीसदी अधिक थे। हालांकि वैश्विक स्तर पर मामलों की संख्या में गिरावट जारी है। हाल के हफ्तों में 27 देशों के साथ-साथ ब्रिटेन के अस्पतालों में भर्ती होने वाले मामलों की संख्या में इजाफा हुआ है।

## कोरोना से चीन के पर्यटन में 18 फीसदी की गिरावट

चीन के वुहान से शुरू हुआ कोरोना वायरस देश का कामकाज अब भी बुरी तरह प्रभावित कर रहा है। इससे पर्यटन उद्योग बुरी तरह प्रभावित हुआ है। चीन में 1 अक्तूबर से सप्ताह भर चलने वाले राष्ट्रीय दिवस अवकाश के दौरान 42.20 करोड़ पर्यटक यात्राएं दर्ज की गईं। यह गत वर्ष के छुट्टियों के मुकाबले 18.2 प्रतिशत कम है। बता दें कि चीन में कोरोना को लेकर ज्यादा सख्ती बरती जा रही है।

## अस्पताल में भर्ती मरीज 45 फीसदी बढ़े

एक स्वतंत्र साइंटिफिक फाउंडेशन गिम्बे के आंकड़ों के अनुसार, 4 अक्तूबर को खत्म होने वाले हफ्ते की तुलना में इस सप्ताह इटली में कोविड-19 से अस्पतालों में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या 32 फीसदी बढ़ी है। जबकि आईसीयू में भर्ती होने वाले मामले पिछले हफ्ते की तुलना में 21 फीसदी बढ़े हैं। इसी हफ्ते ब्रिटेन में कोविड से अस्पताल में भर्ती होने वाले लोगों की संख्या पिछले हफ्ते की तुलना में 45 फीसदी बढ़ गई है।

# कोरियाई प्रायद्वीप में बढ़ा तनाव,दो हफ्तों में उत्तर कोरिया ने दागीं छह मिसाइलें

**सियोल , 09 अक्टूबर 2022।** उत्तर कोरिया की ओर से पिछले दिनों दागीं गई मिसाइलों के कारण कोरियाई प्रायद्वीप में तनाव बढ़ गया है। दरअसल, लगातार मिसाइल परीक्षण के बाद दक्षिण कोरिया व अमेरिका की ओर से भी जवाब दिया गया है, जिसके बाद स्थिति तनावपूर्ण हो गई है। इसी सप्ताह उत्तर कोरिया ने एक मिसाइल ऐसी दागी जो जापान के ऊपर से गुजरते हुए प्रशांत महासागर में जाकर गिरी। बीते दो हफ्तों में उत्तर कोरिया छह मिसाइलें दाग चुका है।

उत्तर कोरियाई मिसाइलों के जवाब में अपनी मिसाइलें दागने के बाद अमेरिका और दक्षिण कोरिया ने इस हफ्ते जापान को साथ लेकर विशेष सैनिक अभ्यास भी शुरू कर दिया। अमेरिका ने अपना विमानवाही पोत कोरियाई प्रायद्वीप से लगे जल क्षेत्र में तैनात कर दिया है। दक्षिण कोरिया के अधिकारियो नें इस अमेरिकी कदम को 'बेहद असामान्य' बताया है।



इन घटनाओं के बाद इस चर्चा ने माहौल और गरमा गया है कि उत्तर कोरिया परमाणु हथियार परीक्षण की तैयारी कर रहा है। अगर वह ऐसा करता है तो पांच साल में यह उसका पहला परीक्षण होगा। इससे अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के लिए विदेश नीति संबंधी एक नई गंभीर चुनौती खड़ी होगी।

उत्तर कोरिया का परमाणु कार्यक्रम अब कई वर्ष पुराना हो चुका है। इस बीच उसकी मिसाइलों की क्षमता बढ़ती चली गई है। 2017 में पूरे वर्ष के दौरान उत्तर कोरिया ने 23 मिसाइल परीक्षण किए थे। उस समय उसकी दो मिसाइलें जापान के ऊपर से गुजरी थीं और उससे इस इलाके में तनाव काफी बढ़ गया था। 2017 के परीक्षणों से यह साफ हो गया था कि उत्तर कोरिया ने अंतर-महाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइलें तैयार कर ली हैं। अब विश्लेषकों की नजर उसकी परमाणु क्षमता पर है।

थिंक टैंक मिडलबरी इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज में हथियार विशेषज्ञ जेफरी लुइस ने कहा है कि उत्तर कोरिया अब किसी भी समय अपना अगला परमाणु परीक्षण कर सकता है।

## इस्लामाबाद के एक शॉपिंग मॉल में आग, उत्तरी पाकिस्तान में छत ढहने से नौ की मौत

**इस्लामाबाद , 09 अक्टूबर 2022।** पाकितान में इस्लामाबाद के एक शॉपिंग मॉल में आग लग गई है। बताया जा रहा है कि अंदर मौजूद ग्राहकों को बाहर निकाल लिया गया है। पाक मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंच चुकी हैं। वहीं, उत्तरी पाकिस्तान में एक कच्चे घर की छत ढहने से एक ही परिवार के नौ सदस्यों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, हादसा गिलगित बाल्तिस्तान क्षेत्र के चिलास शहर में हुआ। घटना में एक रेस्तरां के वेटर की पत्नी, चार बेटे और चार बेटियों की मौत हो गई। हादसे के समय पिता काम पर गए हुए थे। मारे गए भाई-बहनों की उम्र दो से 12 साल के बीच थी।



# आर्थिक मुसीबत से उबरने की कोशिश में श्रीलंका,अब भारतीय सैलानियों से लगाई उम्मीद

**कोलंबो, 09 अक्टूबर 2022।** अपने पर्यटन उद्योग को फिर से खड़ा करने की कोशिश में अपनी पूरी उम्मीद भारत से जोड़ी है। श्रीलंका को आशा है कि भारत के पर्यटक और उद्योग उसकी इस कोशिश में सहायक बन कर उसे आर्थिक संकट से उबारने में अपनी भूमिका निभाएंगे। श्रीलंका की मौजूदा मुसीबत की एक बड़ी वजह वहां पर्यटन उद्योग का ठप होना रहा है। बीते 11 महीनों में वहां जितनी कम संख्या में पर्यटक आए, वैसा कई दशकों में नहीं हुआ था। श्रीलंका सरकार के अधिकारियों ने इसके लिए विदेशी मीडिया को जिम्मेदार ठहराया है। उनके मुताबिक मीडिया में आने वाली खबरों से विदेशी सैलानियों में ये धारणा लगातार बनी हुई है कि श्रीलंका में भोजन और रोजमर्रा की जरूरत की दूसरी चीजों की अभी भी कमी है।

अब श्रीलंका सरकार ने अपने पर्यटन उद्योग को फिर से खड़ा करने की एक विस्तृत योजना बनाई है। फिलहाल उसने इस वर्ष आने वाले पर्यटकों की अनुमानित संख्या घटाकर आठ से दस लाख तक कर दी है। इतने सैलानियों से श्रीलंका को 1.7 से 1.8 बिलियन डॉलर की आमदनी ही हो पाएगी, जो पहले के अनुमान से काफी कम है। नई योजना के तहत श्रीलंका ने भारतीय सैलानियों को लुभाने की मुहिम चलाने का फैसला किया है। भारतीय उद्योगों को श्रीलंका पर्यटन कारोबार में निवेश बढ़ाने के लिए राजी करने की बात भी इस योजना में शामिल है।



श्रीलंका के पर्यटन मंत्री हरिन फर्नांडो ने संवाददाताओं से कहा- 'भारत हमारे सबसे करीब है। वहां से विमान सेवा से हमारा देश जुड़ा हुआ है। फिर भारत के साथ हमारा विशेष रिश्ता भी है। भारत में 23 करोड़ लोगों का मजबूत मध्य वर्ग है। अगर उनमें से दस प्रतिशत लोगों को भी हम अपना यहां ला पाए, तो दो करोड़ 30 लाख भारतीय पर्यटक अगले साल श्रीलंका आएंगे। यह हमारी बहुत बड़ी जीत होगी।'

मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक श्रीलंका को पर्यटन से होने वाली कमाई का भारत पहले भी सबसे बड़ा स्रोत रहा है। इस साल के पहले नौ महीनों में सबसे ज्यादा सैलानी भारत से ही यहां आए। भारत के 86 हजार सैलानियों ने इस वर्ष सितंबर तक श्रीलंका की यात्रा की है। यह श्रीलंका आए कुल सैलानियों का 16.5 प्रतिशत है। भारत के बाद ब्रिटेन, रूस, जर्मनी, और फ्रांस के पर्यटकों का नंबर रहा है।

वेबसाइट इकॉनमीनेक्स्ट.कॉम की एक रिपोर्ट के मुताबिक श्रीलंका के पर्यटन उद्योग ने भारतीय सैलानियों को लुभाने के लिए कई विशेष योजनाएं शुरू की हैं। इसके तहत भारत के गैंबलर्स (जुएबाजों) को विशेष चार्टर्ड उड़ानों से कोलंबो लाना शामिल है। लेकिन इस सुविधा का लाभ सिर्फ उन सैलानियों को मिलता है, जो श्रीलंका के कसीनो में एक तय न्यूनतम रकम खर्च करने की गारंटी देते हैं। इसके अलावा श्रीलंका अपने यहां ध्यान और योग केंद्रों की स्थापना की कोशिश भी कर रहा है। इसमें केरल स्थित शांतिगिरी स्पीरिचुअल सेंटर की मदद ली जा रही है। पर्यटन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक श्रीलंका सरकार ने टूरिज्म ऑपरेटरों के एक दल को पिछले महीने भारत की यात्रा पर भेजा, ताकि वे वहीं से सैलानियों की होटल बुकिंग और अन्य कार्यक्रमों को तय कर सकें।

# तिब्बत पर ड्रैगन का नया पैंतराःचीन घोषित करना चाहता है अपना दलाई लामा, दो गोपनीय दस्तावेज से हुआ खुलासा

**ल्हासा/तिब्बत, 09 अक्टूबर 2022।** चीन तिब्बत और निर्वासित दलाई लामा को लेकर लगातार आक्रामक रुख दिखाता रहा है। हाल ही में चीन के दो गोपनीय आंतरिक दस्तावेज से एक खास रणनीति का खुलासा हुआ है। इनसे पता चलता है कि कैसे 14वें दलाई लामा के तौर पर वो अपने आदमी को बिठाना चाहता है।



धार्मिक आजादी और मानवाधिकार से जुड़ी मैगजीन बिटर विंटर के एडिटर इन चीफ मार्को रेस्पिंटी का कहना है कि रिपोर्ट दो अनदेखी और महत्वपूर्ण चीनी कम्युनिस्ट पार्टी (सीसीपी) नीति दस्तावेज पर आधारित है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ये दस्तावेज चीन में प्रभावशाली और कुशल तिब्बती शोधकर्ताओं को भेजे गए हैं। यह प्रकट करता है कि चीनी सरकार दलाई लामा के बाद के युग की विस्तृत तैयारी कर रही है। इस रिपोर्ट में दलाई लामा के निधन को भुनाने और उत्तराधिकारी चुनने की चीन की योजनाओं का विवरण है। हाल ही में दलाई लामा ने घोषणा की थी कि वह तिब्बती बौद्ध धर्म को चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के हस्तक्षेप और पुनर्जन्म प्रणाली को बचाने के लिए फिर से जन्म नहीं लेंगे।

**तैयार किया है मास्टर प्लान**

बिटर विंटर मैगजीन के मुताबिक 30 पन्नों की एक नई रिपोर्ट इस संभावना की पुष्टि करती है। तिब्बत, दलाई लामा, और पुनर्जन्म की भू-राजनीति नाम की इस रिपोर्ट को अंतर्राष्ट्रीय तिब्बत नेटवर्क (आईटीएन) और तिब्बत न्याय केंद्र द्वारा जारी किया गया। दस्तावेज से पता चलता है कि कैसे चीनी शासन 14वें दलाई लामा युग के परम पावन के रूप में पुनर्जन्म की तिब्बती बौद्ध प्रथा का अनुपालन करने के लिए विस्तृत योजनाओं को लागू करने में तेजी ला रहा है और अपनी मौजूदा सरकारी मशीनरी में तिब्बती संस्कृति के इस पहलू को भी सहयोजित करने की रणनीति को आगे बढ़ा रहा है।

**तिब्बत की पहचान खत्म करने की साजिश**

इस रिपोर्ट के मुताबिक, चीन के प्लान के दूरगामी प्रभाव होंगे और इसके जरिये चीन तिब्बती पहचान को तोड़ना और फिर से आकार देना चाहता है। चीन जिस तरह से तिब्बती बौद्ध धर्म की रचना को बदलना चाहता है.

# ईरान की महिला प्रदर्शनकारियों को मिला हैकर्स का साथ,टीवी को हैक करके खामेनेई को दी चेतावनी

**तेहरान , 09 अक्टूबर 2022।** ईरान में महसा अमिनी की मौत के बाद शुरू हुए हिजाब के विरोध में प्रदर्शन लगातार बढ़ते ही जा रहे हैं। देशभर में महिलाएं सड़कों पर हैं और सरकार का विरोध कर रही हैं। इस महिलाओं को कअ अन्य देशों में भी समर्थन मिल रहा है। इसी बीच, यूरोपीय संघ की सांसद के बाद हिजाब का विरोध कर रही इन महिला प्रदर्शनकारियों को हैकर्स का भी समर्थन मिल रहा है। ईरानी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, हैकर्स ने ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला सैय्यद अली खामेनेई को अपना निशाना बनाया है।

हैकर्स ने टीवी पर चल रही खामेनेई की एक क्लिप को हैक करके उसे हटाकर ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला सैय्यद अली खामेनेई की एक आग से झुलसती हुई तस्वीर दिखाई। अतना ही नहीं, इसी के साथ महसा अमीनी सहित उन तीन लड़कियों की तस्वीर भी दिखाई गई जो हिजाब विवाद में मारी गई हैं। रिपोर्टेस के मुताबिक, इस हैकिंग को एडलैट-ए अली हैक्टिविस्ट ग्रुप ने अंजाम दिया है। गौरतलब है कि खामेनेई की इस तस्वीर पर एक निशान भी दिखाया गया है, साथ ही फारसी भाषा के कुछ शब्द भी लिखे गए हैं। इसमें हैकर्स ने कहा है कि आपके हाथ हमारे देश के युवाओं के खून से सने हैं।



**स्वीडिश राजनेता अबीर अल सहलानी ने काटे बाल**

गौरतलब है कि इससे पहले हाल ही में स्वीडिश राजनेता अबीर अल सहलानी ने संसद में अपने बाल काट कर ईरान की महिलाओं का समर्थन किया था। तब उन्होंने कहा था कि यूरोपीय संघ के लोगों और यूरोप के नागरिकों की मांग है कि ईरान में पुरुषों और महिलाओं के खिलाफ सभी तरह की हिंसा को बिना शर्त तत्काल रोक दिया जाए।

**ईरानी धर्मगुरुओं के हाथ खून से सने हुए**

यूरोपीय संसद की सदस्य अबीर अल-सहलानी ने कहा था कि ईरान की महिलाओं ने तीन सप्ताह तक लगातार साहस दिखाया है। वे स्वतंत्रता के लिए अपने जीवन के साथ अंतिम कीमत चुका रही हैं। उन्होंने कहा कि मीडिया में बोलने से अब काम नहीं चलेगा, यह कार्रवाई करने का समय है। उन्होंने आगे कहा कि ईरान में धर्मगुरुओं की हुकूमत के हाथ खून से सने हैं। न तो इतिहास और न ही सर्वशक्तिमान ईश्वर उनको मानवता के खिलाफ किए गए उन अपराधों के लिए माफ करेगा जो वे अपने ही लोगों के खिलाफ कर रहे हैं।

**13 सितंबर को हुई थी महसा अमीनी की मौत**

गौरतलब है कि ड्रेस कोड का कथित रूप से उल्लंघन करने के आरोप में 13 सितंबर को तेहरान में ईरान की नैतिकता पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद 22 वर्षीय महसा अमिनी की हिरासत में मौत हो गई थी। महसा अमीनी की मौत के बाद ईरान की स्कूली छात्राओं और महिलाओं ने बड़ी संख्या में हिजाब को हटाकर और अपने बालों को काटकर प्रदर्शन किया है। नॉर्वे के एनजीओ ईरान ह्यूमन राइट्स (ढ्ढ॥क्र) के मुताबिक, कथित रूप से ईरान पुलिस द्वारा महसा अमिनी की मौत के बाद शुरू हुए देशव्यापी विरोध प्रदर्शनों में 100 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं।

# नवनिर्मित पंचायत भवन चढ़ रहा भ्रष्टाचार की भेंट



-राजेन्द्र कुमार शर्मा-
**खड़गवां,09 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।** खड़गवां विकास खंड के ग्राम पंचायत देवाडाड में पंचायत भवन का निर्माण लाखों रुपये की लागत से हो रहा है खड़गवां जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत देवाडाड में लाखों रूपए की लागत से पंचायत भवन निर्माण कार्य भ्रष्टाचार का केंद्र है खड़गवां विकास खंड को भ्रष्टाचारियों के लिए सबसे सुरक्षित विकासखण्ड के रूप में माना जाता है। इस विकास खंड में जितने चाहे बड़े से बड़े घोटाले कर लो बोलने वाला कोई नहीं है इसलिए निर्माण कार्यों को करने वाले निर्माण एजेंसी ग्राम पंचायत खुलकर भ्रष्टाचार करते हैं। और भ्रष्टाचार करने वाले ग्राम पंचायत के संरपच के रिश्तेदार ही होते हैं इन्हें ना तो विभाग और ना ही प्रशासन इन पर कार्रवाई करने की जरूरत समझता है निर्माण कार्य को करने वाले अधिकारी तो ग्राम पंचायत में सरपंच के रिश्तेदारों पर मेहरबान बनकर भ्रष्टाचार का साथ देते हैं।

ग्राम पंचायत देवाडांड़ में नव निर्मित पंचायत भवन लाखों रुपये की लागत से निर्माणाधीन कार्य में निर्माण एजेंसी ग्राम पंचायत द्वारा खुलकर भ्रष्टाचार करते हुए घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग कर निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इस पंचायत भवन के निर्माण कार्य में जिस इस्टीमेट और जिस गुणवत्ता युक्त निर्माण सामग्री का उपयोग कर पंचायत भवन का निर्माण कार्य किया जाना है उस पंचायत भवन में निर्माण सामग्री का उपयोग नहीं किया जा रहा है गुणवत्ता विहीन निर्माण समाग्री का उपयोग कर भवन निर्माण कराया जा रहा है इस पंचायत भवन में लोकल ब्रांड के छड़ सीमेंट और गुणवत्ता विहीन गिट्टी ईट रेत एवं जिस मात्रा एवं दूरी पर कलम बीम में छड़ का उपयोग किया जाना है वो पंचायत भवन में उपयोग नहीं किया जा रहा है।

और मजेदार बात है कि निर्माण स्थल पर किसी प्रकार का बोर्ड नहीं लगा है जिसमें किस मद के द्वारा निमार्ण कार्य कराया जा रहा है लागत कितने की है, निर्माण एजेंसी कौन है, मजदूरों की मजदूरी दर कितनी है, निर्माण कार्य पूर्ण होने का दिनांक इसकी भी जानकारी का बोर्ड निमार्ण स्थल पर नहीं है जबकि विभाग के इंजीनियर एस डी ओ निर्माण कार्य का अवलोकन निरीक्षण करने आते होंगे तो क्या इन्हें निर्माण स्थल पर बोर्ड दिखाई नहीं दिया होगा या लगवाने की जरूरत नहीं समझी गई। सरपंच के द्वारा निर्माण कार्य को मनमाने तरीके से कराया जा रहा है।

ग्राम पंचायत देवाडाड मे जो भी निर्माण कार्य स्वीकृत होते हैं उन निर्माण कार्यो को सरपंच के भाई के द्वारा ठेकेदारी के द्वारा किया जाता है औरनिर्माण कार्यो की फाइल लेकर जनपद पंचायत कार्यालय एवं ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के कार्यालय मे फाइलों मे लिखा पढी करातें देखाई देता है। इस ग्राम पंचायत देवाडाड में जितने भी निर्माण कार्य चल रहे हैं उन निर्माण कार्यो की राशि का अग्रिम आहरण कर लिया गया है और निर्माण कार्य आधे अधूरे पे हैं। इस ग्राम पंचायत में निर्माण कार्यो के राशि आहरण की जाच कराई जाए तो विभिन्न मदो मे लाखों रुपये का गोलमाल किया गया है और फर्जी बिल लगाए गए हैं इसकी जाच सथल पर भौतिक सत्यापन के आधार से कराया जाए तो दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा?

### लाखों रुपये की लागत से हो रहे पंचायत भवन निर्माण कार्य

इस लाखों रुपये की लागत से हो रहे पंचायत भवन निर्माण कार्य को घटिया सामग्री का उपायोग कर निर्माण कर रहे हैं। भ्रष्टाचार की पोल न खुल जाये इसलिए सरपंच के द्वारा किसी प्रकार का कोई बोर्ड कार्य स्थल पर नहीं लगाया गया है जिससे किसी प्रकार कि कोई जानकारी स्थानीय ग्रामीणों को प्राप्त नहीं हो रही है। जबकि कार्य प्रारंभ होने से पहले निर्माण स्थल पर बोर्ड पर निर्माण संबंधित जानकारी अंकित किया जाना होता हैं।

गुणवताहीन ग्राम पंचायत भवन निर्माण कार्य की शिकायत ग्रामीण यांत्रिकी विभाग खडगवा के अनुविभागीय अधिकारी से की गई थी ग्राम पंचायत भवन निर्माण कार्य की छत मे जिस छड ( राड) का उपयोग कर छत की ढलाई की जा रही है वो पूर्णत- गुणवताहीन और बिना ब्रांड के लोकल छड का उपयोग किया गया है।जिससे कुछ सालो मे ही छत मे दरारें एवं छत से पानी टपकने लगता है इस तरह के निर्माण कार्य की देखरेख विभागीय इंजीनियर एवं एस डी ओ के निरीक्षण मे होता हैं इस तरह का गुणवताहीन कार्य विभागीय अधिकारियों के जानकारी मे किया गया है?

इस ग्राम पंचायत भवन देवाडाड के निर्माण के संबंध में ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के अनुविभागीय अधिकारी के के चौधरी से पंचायत भवन निर्माण के गुणवत्ता के संबंध में जानकारी चाही तो उन्होंने ने कहा कि भवन मे गुणवत्ता युक्त छड एवं निर्माण सामग्री का उपयोग करना है जबकि ग्राम पंचायत के सरपंच के द्वारा घटिया छड का उपयोग कर छत ढलाई की जा रही है इस संबंध में कहा कि अगर छड गुणवत्ता युक्त नहीं है तो छत कि ढलाई नहीं होने दिया जाएगा जब तक गुणवत्ता युक्त छड का उपयोग नहीं किया जाता हैं छत कार्य नहीं किया जाएगा।



### कोरबा पुलिस द्वारा जागरण एवं दशहरा महोत्सव में
## चलाया गया जागरूकता अभियान

-संवाददाता-
**कोरबा, ,09 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।** पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह द्वारा अवैध नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे निजात अभियान के अंतर्गत रक्षित केंद्र कोरबा आवासीय परिसर में जागरण एवं दशहरा महोत्सव में जाकर पुलिस परिवार एवं आम जनता को नारकोटिक एक्ट,ड्रग्स एवं अन्य नशीले पदार्थ से दूर रहने परिवार बच्चों एवं समाज को भी दूर रहने नशे से होने वाले नुकसान के संबंध में पोस्टर एवं बैनर लगाकर जानकारी दि गई। वही कोरबा पुलिस द्वारा शुरू किया गया निजात अभियान भविष्य में भी जारी रहने की बात कही गयी है।



### खदान में नाबालिग से लिया जा रहा था काम
## हादसे में नाबालिग की हुई मौत

-संवाददाता-
**कोरबा, ,09 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।** जिले के कुसमुंडा खदान में बीते शनिवार को हुए हादसे में मृतक की पहचान नाबालिग के रूप में हुई है, कल तक मृतक की आयु को छुपाया जा रहा था ढ्ढ मृतक के आधार कार्ड से उसकी आयु का खुलासा हुआ , जिसमें मृतक रामचरण की आयु महज 17 वर्ष 2 माह है। एसईसीएल कुसमुंडा प्रबंधन एवं नियोजित कंपनी नारायणी के द्वारा एक नाबालिग से काम लिया जा रहा था, जो कि एक बेहद ही संगीन अपराध के दायरे में आता है।बीते शनिवार को नारायणी फेस पर स्कैनिया ट्रक वाहन के नीचे घुस कर रामचरण काम कर रहा था इसी दौरान ट्रक का चालक आया ट्रक को स्टार्ट कर आगे बढ़ा दिया ,जिसमें रामचरण की पहियों के नीचे दबकर मौके पर ही मौत हो गई,जिसके बाद साथी कर्मचारियों ने मुआवजे की मांग को लेकर काम बंद हड़ताल शुरू कर दिया घटना की सूचना मिलते ही परिजन भी लगभग 8:00 बजे रात में खदान पहुंचे ढ्ढ उनकी उपस्थिति में नारायणी कंपनी द्वारा ₹200000 सहायता राशि दी गई साथ ही कुछ दिनों पश्चात और मुआवजा राशि तथा उनके परिवार से एक व्यक्ति को नौकरी देने की बात कही गई। मृतक की आयु 18 से 19 वर्ष बताई जा रही थी , आधार कार्ड से मृतक की आयु का खुलासा हुआ , जिसमें मृतक पूर्ण रूप से नाबालिग है ढ्ढ इस खुलासे के बाद से प्रबंधन और नियोजित कंपनी के अधिकारियों पर बेहद ही लापरवाही पूर्ण कार्य संचालन की बात सामने आ रही है। चूंकि दुर्घटना खदान के अंदर हुआ है,अब देखना यह होगा कि इस खुलासे के पश्चात इस पर माइंस सेफ्टी एक्ट के अंतर्गत किस तरह की कार्यवाही एसईसीएल प्रबंधन एवं नियोजित कंपनी के अधिकारियों पर होती है।



## आरएसएस कार्यकर्ताओं का जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया

-संवाददाता-
**सूरजपुर ,09 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।** नगर में रविवार को आरएसएस के द्वारा पथ संचलन किया गया जिसका जगह जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। रविवार को सरस्वती शिशु मंदिर से शुरू होकर पथ संचलन राममंदिर होते हुए अग्रसेन चौक से केटका रोड फिर नावापारा होकर वापस शिशु मंदिर पहुँची जहाँ प्राथर्ना के बाद एक बौद्धिक सभा का आयोजन किया गया।इसके पूर्व पथ संचलन के दौरान स्वंय सेवको का जगह जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया।कई जगह पर आतिशबाजी भी की गई।बेंड बाजे के साथ नगर में किये गए पथसंचलन से स्वंय सेवक काफी उत्साहित रहे। शिशु मंदिर में आयोजित सभा को सम्बोधित करते हुए प्रान्त सेवा प्रमुख लोमस राम साहू ने कहा कि समाज व राष्ट्र के समर्पित होकर कार्य करें जिससे समाज मे सद्भभाव के साथ राष्ट को परम वैभव तक पहुचाने में सभी की भागीदारी सुनिश्चित हो।इस मौके पर नगर संघ चालक धर्मपाल अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में आरएसएस के पदाधिकारी व स्वंय सेवक उपस्थित थे।

# त्योहारी सीजन आने पर ही होती है खाद्य पदार्थो की जांच

## खाद्य सामग्रियों में मिलावट का खेल शुरू...नींद में अधिकारी...

-ओमकार पांडेय-
**सूरजपुर ,09 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।**
हर त्योहार में खाद्य सामग्रियों की बिक्री बढ़ जाती है। सबसे अधिक खाद्य सामग्रियों में ही मिलावट का खेल कुछ मिलावट खोरों के द्वारा किया जाता है। सेहत के साथ खिलवाड़ कर रहे ऐसे मिलावटखोरों पर विभाग द्वारा भी कार्रवाई नहीं की जाती। नतीजन आम जनता कम रेट में घटिया खाद्य सामान लेकर मिलावट खोर के शिकार होते हैं। इसका असर उनकी सेहत पर पड़ता है। आगामी दिनों में दीपावली का त्योहार है। इसमें कई प्रकार की मिठाइयां व खाद्य सामग्री जगह जगह खुले में बेचते भी देखे जा सकेंगे। इसकी तैयारी अभी मिलावट खोर करने लगे हैं। लेकिन, खाद्य औषधि विभाग द्वारा समय पर जांच न करने, कार्रवाई को लेकर गंभीरता न दिखाने से मिलावट का खेल जोरों से चल रहा है। तीज-त्योहार आते ही मिलावट खोरों की चांदी हो जाती है। सभी त्योहारों में खरीदारी भी खूब होती है। गरीब से लेकर अमीर तक सभी त्योहार मनाने क्षमता अनुसार राशन सामग्री व मिठाइयां खरीदते हैं, लेकिन खाद्य सामग्रियों में मिलावट कर लोगों को कम रुपए में सामग्रियां खुले आम सड़क किनारे कई स्थानों पर ठेला में दुकानों में, स्टॉल लगाकर बेचे जाते हैं। विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस बार भी पूर्व की तरह दीपावली के पूर्व घटिया सामग्री बेचने का कार्य शुरू हो गया है और कुछ समय पश्चात मिठाइयों में भी मिलावट का



खेल शुरू हो जाएगा। लेकिन, इन सब में लगाम कसने खाद्य विभाग द्वारा कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है। इसके चलते बेधड़क बिना रोक-टोक गली कूचे मोहल्लों व सड़क किनारे खुले आम यह मिलावटखोर अपने कार्य को अंजाम दे रहे हैं। लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे लोगों को खाद्य सामग्रियों की ओर आकर्षित करने व खाद्य सामग्रियों को आकर्षक बनाने कई तरह के केमिकल का उपयोग होता है, जो स्वास्थ्य के लिए जहरीला साबित होता है। यह भी बात निकल कर सामने आ रही है कि नियमित भोजन में शामिल दाल में कलर मिलाया जाता है। इसके चलते वह चमकीला हो जाता है जिसे पानी में धोने से कलर छुटने पर मिलावट होने की पुष्टि होती है। इसके अलावा गुड़ में भी मिलावट देखने को मिलता है, इसमें फफुंद नहीं लगता, लेकिन घटिया सामान मिलाकर बनाएं गुड़ में फफूंद देखा जा सकता है। इतना ही नही नियमानुसार खाने के डिब्बो पर तिथि अंकित करना जरूरी है पर यहां शायद ही किसी फूड पैकेट पर तिथि अंकित मिले पर इस पर भी विभाग खामोश रहता है।

### कार्रवाई के नाम पर होती है सिर्फ खानापूर्ति

लोगों को आकर्षित करने अच्छे रेट में बेचने यह खेल मिलावट खोर जमाने से कर रहे हैं, लेकिन कार्रवाई ना होने के कारण उनका कार्य निरंतर जारी है। इस तरह ड्राई फूड, मिठाईयां, वहीं होटलों में मिलने वाले कई तरह के खाद्य सामग्रियों में मिलावटी देखा जा सकता है। जिसे खाने से स्वाद में बदलाव व समय पहले ही खराब हो जाते हैं। खाद्य विभाग द्वारा भी केवल त्योहारी सीजन में ही सैंपल लिए जाते हैं। सैंपल की रिपोर्ट आने तक लोग खाद्य पदार्थों का सेवन भी कर चुके होते हैं। रिपोर्ट अमानक आने पर कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति होती है।

### जांच रिपोर्ट में देरी का मिलता है फायदा

जांच रिपोर्ट आने में काफी देर हो जाती है जांच रिपोर्ट आने के बाद जांच रिपोर्ट अभी आया है दुर्गा मंदिर के सामने होटल का आदित्य होटल में मिलावटी मिला है। जिसको नोटिस जारी किया गया है और आज से ही अभियान चलाकर सभी जगह का सेंपल लिया जाएगा।मिलावट मिली तो कार्रवाई होगी।
नितेश मिश्रा
खाद्य सुरक्षा अधिकारी सूरजपुर

# शहद के लालच में पानी टंकी पर चढ़े भालू

### मधुमक्खी के छत्ते को तोड़कर खाई हनी।
### रिहायशी इलाके दिन दहो भालू का विचरण में देख लोग घरों में दुबके।

-संवाददाता-
**बैकुण्ठपुर 09 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।** छत्तीसगढ़ में सोशल मीडिया पर पानी टंकी पर चढ़कर शहद खाने वाले दो भालुओं का वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। वीडियो में दिख रहा है कि किस तरह से दोनों भालू पानी की ऊंची टंकी पर सीढ़ियों के सहारे चढ़ गए और उसमें लगे मधुमक्खी के छत्तों को तोड़कर उसमें से शहद निकालकर खाने लगे। ये वीडियो कहां का है, इसे लेकर सोशल मीडिया पर लोग अलग-अलग दावे कर रहे हैं। कुछ लोगों ने इसे कोरिया जिले का बताया, तो कुछ ने इसके कांकेर के आरईएस कॉलोनी का होने का दावा किया। वहीं कुछ लोग इसे झारखंड के



किसी जिले का भी वीडियो बता रहे हैं। वहीं लोगों ने बताया कि दोनों भालू रिहायशी इलाके में कहां से आ गए, उन्हें पता नहीं है। भालुओं ने पानी की टंकी में बने मधुमक्खी के छत्तों को नीचे से ही देख लिया था। इसके बाद शहद खाने के लालच में वो ऊपर चढ़ गए। इधर छत्ते के टूटते ही मधुमक्खियां वहां से तितर-बितर हो गईं। ये देख लोग अपने घर के अंदर चले आए, ताकि वो उन्हें नुकसान न पहुंचा दे। लोगों ने बच्चों को भी घर के अंदर बुला लिया। वहीं कुछ लोगों ने दूर से ही भालुओं का वीडियो बना लिया।

## हर्ष उल्लास के साथ कोरिया में मनाई गई ईद मिलादुन्नबी





-संवाददाता-
**बैकुण्ठपुर 09 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।** । पैगंबर इस्लाम सरकारे मुस्तफा सलल्लाहो अलैहे वसल्लम की यौमे विलादत की खुशी में चरचा, बैकुण्ठपुर, पटना के अंजुमन इस्लामिया कमेटी के द्वारा जुलूस निकाला गया। जुलूस में काफी संख्या में बढ़-चढ़कर बच्चे बुजुर्ग महिला शामिल हुए, इसके साथ ही देश में अमन चैन और खुशहाली के लिए दुआ मांगी गई। जिसके बाद रक्तदान कार्यकर्म का आयोजन नौजवान कमेटी के द्वारा संपन्न कराया गया नौजवान लोगों ने बढ़ चढ़कर रक्तदान किया और एसईसीएल हॉस्पिटल चरचा में जाकर फल वितरण किया गया। नौजवान कमेटी के मोहम्मद शराफत अली मोहम्मद अकरम द्वारा संपन्न किया गया । ब्लड डोनेट कार्यकर्म में लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

# छत्तीसगढ़ प्रदेश लिपिक संघ की बैठक सम्पन्न

## धीरेन्द्र बने एमसीबी जिले के प्रथम जिलाध्यक्ष

-संवाददाता-
**मनेन्द्रगढ़ 09 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।** नवगठित जिले मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी जनकपुर में कार्यकारिणी गठन हेतु छत्तीसगढ़ प्रदेश लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ की बैठक का आयोजन शनिवार को मनेन्द्रगढ़ में प्रदेश अध्यक्ष रोहित तिवारी व अन्य प्रांतीय पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। उक्त बैठक मे एमसीबी जिले के प्रथम अध्यक्ष के रूप में धीरेन्द्र कुमार तिवारी को जिम्मेदारी दिया गया एंव इसके साथ ही महिला जिलाध्यक्ष का दायित्व श्रीमती विनीता श्रीवास्तव को सौपा गया। कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में दीपक रजक, जिला उपाध्यक्ष मनीष श्रीवास्तव एवं सतीश द्विवेदी को नियुक्त किया गया।



प्रदेश अध्यक्ष रोहित तिवारी ने कोरिया जिले से जुझारू, ऊर्जावान और संघ के प्रति समर्पित पदाधिकारी भीमराव मेश्राम को प्रदेश कार्यकारिणी में शामिल करते हुये प्रांतीय सचिव के बनाया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित लिपिको द्वारा नव नियुक्त पदाधिकारियों का हर्षध्वनि के साथ समर्थन और अभिनंदन किया गया।

उक्त कार्यक्रम में जिले के ब्लॉक मनेन्द्रगढ़, भरतपुर, सोनहत, खडगवा के अलावा अन्य जिले के सैकड़ों लिपिक शामिल हुये। प्रदेश अध्यक्ष रोहित तिवारी ने अपने उद्बोधन में लिपिको के वेतनमान सुधार हेतु किये जा रहे प्रयासों का उल्लेख करते हुये शीघ्र परिणाम आने के लिये आश्वस्त किया। उनके द्वारा बैठक के दौरान लिपिको की अन्य समस्याओं को सुनकर जल्द ही उनका समाधान करने कि बात भी कही।

उक्त बैठक में प्रांतीय महामंत्री के.जेड.उस्मानी, हेमंत बघेल, सुनील यादव, प्रांतीय सचिव इम्तियाज़ अहमद, मनीष मिश्रा, संभागीय अध्यक्ष सरगुजा विकास कश्यप, कोरिया जिलाध्यक्ष मो.सादिक़ अख्तर, बलरामपुर जिलाध्यक्ष रमेश तिवारी, बिलासपुर से संभागीय संरक्षक सुनील नायडू, प्रदीप शर्मा, अशोक खाखा, मन्नू श्रीवास्तव, जिला सचिव कोरिया रोहित साहू, तहसील अध्यक्ष बैकुंठपुर रितेश गुप्ता, ब्लाक अध्यक्ष भरतपुर प्रमोद द्विवेदी आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

उक्त कार्यक्रम का आयोजन संभागीय उपाध्यक्ष दिलेश्वर सिंह के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कोमल सिंह, अभिषेक गुप्ता, प्रशांत सोनी, महेन्द्र भारद्वाज, श्याम बडाईक, मुकेश अहिरवार एवं अन्य लिपिकों का सराहनीय योगदान रहा।





# कुसमी क्षेत्र में लहलहाने लगी है टमाटर की फसल

-उपेश सिन्हा-
**कुसमी 09 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।** बलरामपुर जिले के कुसमी ब्लाक क्षेत्र में इन दिनों खेतों में टमाटर की फसल तैयार हो चुकी है और टमाटर खेतों से निकलकर मार्केट तक आने लगा है,गौरतलब है कि दिनों दिन किसान अपनी आर्थिक स्थिति को मजबुत करने के लिये कई तरह के फल सब्जीयो को अपने खेतों में लगाकर आर्थिक स्थिति को मजबुत करने का काम कर रहे है ,वही कुसमी क्षेत्र में टमाटर की फसल भी किसान खूब करने लगे है लेकिन इस साल बारिश देर से आई और काफी दिन तक रही है जिससे टमाटर के फसलों को नुकसान भी पहुँचा है ,फिर भी जिन किसानों ने अपने बुद्धि विवेक को लगाकर खेती की है, वो टमाटर की फसल से अच्छा लाभ भी कमा रहे है,इस क्षेत्र के कुछ लोग ऐसे भी है जो दुसरे के खेत को किराये में लेकर टमाटर की खेती कर अपना खुदका रोजगार के साथ लोगो को मजदुरी के रूप में रोजगार भी दे रहे है।खास बात यह भी है कि इस क्षेत्र में टमाटर मिर्च सामरी पाठ क्षेत्र में आलु मक्का मडुवा की फसल बड़े पैमाने पर किसान करते है जहाँ पर किसान खुद का रोजगार के साथ - साथ बड़ी संख्या में मजदुर के रूप लोगो को रोजगार भी देते है जिससे क्षेत्र के कई लोगों को रोजी रोटी के लिये दुसरे जगहों पर पलायन नही करना पड़ता है बीते कुछ सालों से इस क्षेत्र में बड़े पैमाने पर टमाटर मिर्च के अलावा कई तरह की फल सब्जीयो की खेती में बढोत्तरी हुई है लेकिन किसानों की एक मांग कुसमी ब्लाक मुख्यालय में अबतक सब्जी मंडी की सुविधा नही हुई है जिससे किसानों को थोड़ी परेशानी उठानी पड़ती है ,अगर सब्जी मंडी कुसमी में खुल जाये,तो किसानों की सब्जियां बर्बाद होने से बजेगी साथ ही छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिले के साथ साथ पड़ोसी राज्यों तक के लोग कुसमी क्षेत्र के किसानों की सब्जियो का स्वाद आसानी से चख सकेंगे।

CMYK

महिला एशिया कप

# थाईलैंड के खिलाफ प्रयोग जारी रखना चाहेगी भारतीय टीम



**सिलहट ,09 अक्टूबर 2022।** सेमीफाइनल स्थान पक्के हो चुके हैं और भारतीय टीम सोमवार को जब यहां महिला एशिया कप मुकाबले में मजबूत इरादों वाली थाईलैंड के खिलाफ मैदान पर उतरेगी तो उसकी कोशिश अंतिम एकादश में प्रयोग करना जारी रखने की होगी। भारत ने टूर्नामेंट में अभी तक अपने सभी मैचों में अलग अलग अंतिम एकादश उतारी है ताकि अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप से पहले उन खिलाड़ियों को मौका दिया जा सके जो अंतिम एकादश में नियमित तौर पर नहीं खेलते।

बल्लेबाजी क्रम में लगातार फेरबदल किया जा रहा है जिसमें कप्तान हरमनप्रीत कौर को पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में सातवें स्थान पर उतारा गया था लेकिन यह कदम कारगर नहीं रहा और 'नये लुक' वाला मध्यक्रम दबाव में ढह गया जिससे टीम को चिर प्रतिद्वंद्वी से छह साल में पहली हार झेलनी पड़ी। पर फिर भी टीम फेरबदल करना जारी रखेगी। पाकिस्तान से हारने बावजूद हालांकि भारतीय टीम ने अगले मैच में मजबूत वापसी की और सभी विभागों में शानदार प्रदर्शन करते हुए गत चैम्पियन व मेजबान बांग्लादेश को परास्त किया।

भारतीय टीम एकजुट इकाई के तौर पर प्रदर्शन कर रही है और गेंदबाजी विभाग पूरे टूर्नामेंट के दौरान निरंतर रहा है जबकि बल्लेबाजों ने अपनी भूमिका अच्छी तरह निभायी है। भारत के बल्लेबाजी क्रम के लिये सबसे सकारात्मक चीज शेफाली वर्मा का फॉर्म में लौटना रही है। इस युवा सलामी बल्लेबाज ने पिछले मैच में अर्धशतक जड़ा जो उसके आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिये अहम होगा। स्मृति मंधाना ने भी टूर्नामेंट के दौरान कुछ रन बटोरे हैं।

कप्तान हरमनप्रीत कौर को हल्की चोट के कारण पिछले मैच में आराम दिया गया था जिससे देखना होगा कि वह टीम के अंतिम ग्रुप मैच में वापसी करेंगी या नहीं। चोट से वापसी कर रहीं जेमिमा रोड्रिग्स के लिये टूर्नामेंट काफी अच्छा रहा है और वह शीर्ष स्कोरर बनी हुई हैं। दीप्ति शर्मा ने बल्ले और गेंद दोनों से चमक बिखेरी है। यह स्पिन आल राउंडर बांग्लादेश की रूमाना अहमद और थाईलैंड की टी पुतावोंग के साथ सबसे ज्यादा विकेट झटकने वाली गेंदबाजों में शामिल है। इन तीनों ने आठ आठ विकेट झटके हैं। ऋचा घोष ने टी20 टीम में खुद को शामिल करने के लिये मजबूत दावा पेश कर दिया है और यह युवा विकेटकीपर इसी लय को जारी रखना चाहेगी। थाईलैंड की बात की जाये तो टीम अच्छा खेल दिखा रही है, उसने अपने अंतिम तीनों मैच जीत लिये हैं जिसमें पाकिस्तान के खिलाफ उलटफेर भरी जीत शामिल है।

थाईलैंड छह अंक से तालिका में इस समय चौथे स्थान पर चल रही है। टीम अंतिम सेमीफाइनल स्थान हासिल करने के लिये आखिरी प्रयास करने के लिये बेताब होगी। मेजबान बांग्लादेश चार अंक लेकर उससे पीछे बना हुआ है और टीम का एक मैच बाकी है। भारत आठ अंक से तालिका में शीर्ष पर है और टीम थाईलैंड के खिलाफ सतर्क रहना चाहेगी क्योंकि वह उलटफेर करने में सक्षम है। पिछली बार जब दोनों टीमें 2018 में एशिया कप में एक दूसरे से आमने सामने हुई थीं तो भारत ने आसान जीत दर्ज की थी। टीमें इस प्रकार हैं- भारत = हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, दीप्ति शर्मा, शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, साबिनेनी मेघना, ऋचा घोष (विकेटकीपर), स्नेह राणा, दयालन हेमलता, मेघना सिंह, रेणुका ठाकुर, पूजा वस्त्राकर, राजेश्वरी गायकवाड़, राधा यादव और केपी नवगिरे। थाईलैंड = नारूइमोल चाईवाई (कप्तान), नटाया बूचाथम, नाथाकन चांथम, सुनिदा चतुरोंगरताना, ओनिचा कामचोम्फू, सुवानान खियाओतो, नानापट कोंचारोएंकई, सुलीपोर्ण लाओमी, बंथिडा लीफाथाना, फानिता माया, नांथिटा बूनसुखम, थिपाटचा पुथावोंग, चानिडा सुथिरूआंग, अफिसारा सुवानचोनराथी और सोर्णारिण थिपोच। मैच भारतीय समयानुसार दोपहर एक बजे शुरू होगा।

# आयरलैंड को ऑस्ट्रेलिया में होने वाले आगामी टी 20 विश्व कप की तैयारियों में लगा बड़ा झटका

**मेलबर्न ,09 अक्टूबर 2022।** आयरलैंड को ऑस्ट्रेलिया में होने वाले आगामी टी20 विश्व कप की तैयारियों में बड़ा झटका लगा है क्योंकि तेज गेंदबाज क्रेग यंग चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। यह खबर बुरी तरह से सामने आई है क्योंकि अनुभवी प्रचारक अब उपचार तालिका का हिस्सा होंगे जबकि 31 वर्षीय ग्राहम ह्यूम प्रतिस्थापन के रूप में आएंगे। ह्यूम ने अब तक केवल एक टी20 मैच खेला है और जून में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया है।



दुर्भाग्य से, सिडनी में हमारे टी20 विश्व कप की तैयारी शिविर के दौरान, क्रेग ने एक पुरानी समस्या की पुनरावृत्ति का अनुभव किया, जिसे हम काफी समय से प्रबंधित कर रहे थे, क्रिकेट आयरलैंड के फिजियोथेरेपी के प्रमुख मार्क रौसा ने कहा। जबकि हमने सोचा था कि हम थे इस मुद्दे के शीर्ष पर, सिडनी पहुंचने और प्रशिक्षण शुरू करने के बाद यह दुख की बात है। क्रेग अब अपने पुनर्वसन की योजना बनाने के लिए हमारे चिकित्सा विशेषज्ञों के साथ मूल्यांकन के लिए स्वदेश लौटेगा।

# जोहोर कप में भारतीय जूनियर हॉकी टीम के कप्तान होंगे उत्तम सिंह

**नई दिल्ली ,09 अक्टूबर 2022।** फॉरवर्ड उत्तम सिंह 22 अक्टूबर से मलेशिया के जोहोर बाहरू में होने वाले सुल्तान जोहोर कप हॉकी टूर्नामेंट में भारत की जूनियर टीम के कप्तान होंगे। भारत ने 2019 में इस टूर्नामेंट में रजत पदक जीता था। इस बार उसका सामना आस्ट्रेलिया, जापान, दक्षिण अफ्रीका, मेजबान मलेशिया और गत चैम्पियन ब्रिटेन से होगा। कोरोना महामारी के कारण टूर्नामेंट का आयोजन दो साल बाद किया जा रहा है। भारत के कप्तान उत्तम सिंह होंगे जो 2021 में जूनियर विश्व कप खेले थे और जकार्ता में 2022 में एशिया कप में सीनियर टीम के लिये भी पदार्पण किया।

बॉबी सिंह धामी उपकप्तान होंगे। भारत को पहले दिन मलेशिया से खेलना है। इसके बाद 23 अक्टूबर को दक्षिण अफ्रीका से,



25 अक्टूबर को जापान, 26 अक्टूबर को आस्ट्रेलिया और उसके दो दिन बाद ब्रिटेन का सामना करना है। राउंड रॉबिन चरण से शीर्ष दो टीमें 29 अक्टूबर को फाइनल खेलेंगी। भारत के कोच सी आर कुमार ने कहा ,'' हमारी टीम काफी संतुलित है जिसमें से सात खिलाड़ी 2021 जूनियर विश्व कप टीम में थे और कुछ सीनियर टीम के साथ भी खेले हैं।''

टीम = गोलकीपर = मोहित एचएस , अंकित मलिक डिफेंडर = आमिर अली, शारदानंद तिवारी, रोहित, अमनदीप लाकड़ा, सिरिल लुगुन मिडफील्डर = विष्णुकांत सिंह, राजिंदर सिंह, अंकित पाल, पूवन्ना सीबी, अमनदीप, जॉनसन पूर्ति फॉरवर्ड = उत्तर सिंह (कप्तान), अंगद बीर सिंह, अराइजीत सिंह हुंडल, बॉबी सिंह धामी, सुदीप चिरमाको।

# असम राइफल्स ने धावक हिमा दास को किया सम्मानित

**दिसपुर ,09 अक्टूबर 2022।** असम राइफल्स की ओर से मुख्यालय महानिरीक्षक असम राइफल्स (पूर्व) के तत्वावधान में मुख्यालय 21 सेक्टर एआर की हाफलोंग बटालियन ने रविवार को एनएल दौलगुपु स्टेडियम हाफलोंग में हिमा दास को सम्मानित किया. असम राइफल्स ने खेल को बढ़ावा देने के लिए दीमा हसाओ की यात्रा पर इक्का-दुक्का धावक और राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक हिमा दास, अर्जुन अवार्डी, असम पुलिस के डीएसपी को सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में दीमा हसाओ के 28 स्कूलों, कैबिनेट मंत्री नंदिता गरलोसा, डीसी और जिले के अन्य खेल प्राधिकरणों ने भाग लिया।



असम राइफल्स के एक बयान में कहा गया है, यह असम राइफल्स के लिए ऐसे खेलों को प्रोत्साहित करने का अवसर था जो समाज का विकास कर सकते हैं और युवाओं को सही दिशा में निर्देशित कर सकते हैं, जिसके परिणामस्वरूप एक व्यापक राष्ट्र निर्माण प्रक्रिया हो सकती है।

बयान में कहा गया है, मिस हिमा दास ने अपनी पीढ़ी के लिए उत्तर पूर्वी राज्यों के महानतम खिलाड़ियों से आगे बढ़कर नेतृत्व किया है और उनकी एक ऐसी छवि है जिसे उनके बाद की हर पीढ़ी अनुकरण करने की कोशिश करेगी।हिमा एक इक्का-दुक्का भारतीय धावक हैं जिन्होंने एशियाई खेलों में अच्छा प्रदर्शन किया है। उसने खेलों के 2018 संस्करण में दो स्वर्ण और एक रजत जीता। वह 400 मीटर रेसिंग में राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी हैं, जिसने 2018 एशियाई खेलों में इसे 50.79 सेकंड में पूरा किया था।

# श्रेयस अय्यर के धमाकेदार शतक से जीता भारत

## दक्षिण अफ्रीका को सात विकेट से हराया,सीरीज 1-1 से बराबर

**रांची ,09 अक्टूबर 2022।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का दूसरा मुकाबला रांची में खेला गया। दक्षिण अफ्रीका ने पहले वनडे मैच में भारत को 9 रनों से हराया था। दूसरे वनडे में भारत ने दमदार वापसी करते हुए सात विकेट से मैच अपने नाम किया। इसके साथ ही तीन मैचों की वनडे सीरीज अब बराबरी पर आ गई है। श्रेयस अय्यर ने इस मुकाबले में टीम के लिए शानदार शतक जड़ने का काम किया। भारत ने तीन विकेट खोकर 282 रन बनाकर इस मुकाबले को आसानी से अपने नाम कर लिया।

दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था। दोनों ने दो-दो बदलाव किए थे।दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में सात विकेट पर 278 रन बनाए। जवाब में भारत ने 45.5 ओवर में तीन विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। श्रेयस अय्यर ने इस मुकाबले में सबसे अधिक नाबाद 113 रन बनाए। संजू सैमसन ने भी टीम के लिए नाबाद 30 रन बनाए।



### नहीं चला धवन और गिल का बल्ला

279 रनों का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत एक बार फिर अच्छी नहीं रही। कप्तान शिखर धवन का बल्ला एक बार फिर खामोश ही रहा। धवन 20 गेंदों में 13 रन बनाकर वेन पार्नेल की गेंद पर क्लीन बोल्ड हो गए। इसके बाद दूसरे सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल भी पवेलियन लौट गए। शुभमन गिल ने 26 गेंदों में 28 रन बनाए, गिल को अपने ही गेंद पर रबाडा ने कैच आउट किया।

### किशन और अय्यर ने खेली जबरदस्त पारी

दो विकेट जल्दी गिरने के बाद श्रेयस अय्यर और ईशान किशन ने जबरदस्त साझेदारी निभाई। श्रेयस अय्यर ने 103 गेंदों में अपने वनडे करियर का दूसरा शतक लगाया। दोनों ही बल्लेबाज ने तीसरे विकेट के लिए 161 रनों की साझेदारी कर मैच को पूरी तरह से भारत के पक्ष में ला दिया। इस दौरान ईशान किशन ने अपने वनडे करियर का पहला शतक लगाने से चूक गए। वह 93 रन बनाकर पवेलियन लौटे।

### अफ्रीका ने बनाए थे 278 रन

इससे पहले टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीका ने 7 विकेट खोकर 278 रन बनाए थे। रीजा हेंड्रिक्स और एडेन मार्कराम ने अफ्रीका के लिए अर्धशतक जड़ा। भारत की तरह अफ्रीकी की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही थी। अफ्रीका ने 40 के स्कोर पर दो विकेट खो दिए थे। लेकिन रीजा हेंड्रिक्स और एडेन मार्कराम ने 129 रन बनाकर टीम को संभाला और सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाने का काम किया।



# 2025 में रिलीज हो सकती है ब्रह्मास्त्र 2,अयान मुखर्जी ने दिए संकेत

रणबीर कपूर और आलिया भट्ट की ब्रह्मास्त्र दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा रही है। इसका निर्देशन अयान मुखर्जी ने किया है। फिल्म 9 सितंबर को बड़े पर्दे पर आई है। ब्रह्मास्त्र तीन भागों में दर्शकों के बीच आएगी। फिल्म के अंत में मेकर्स ने ब्रह्मास्त्र पार्ट 2: देव की घोषणा की थी। अब अयान ने ब्रह्मास्त्र 2 की रिलीज को लेकर अहम जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि फिल्म दिसंबर, 2025 में रिलीज हो सकती है। अयान ने ब्रह्मास्त्र 2 की रिलीज डेट को लेकर खुलासा किया है। अयान ने बताया कि उन्होंने इस फिल्म को 2025 में रिलीज करने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने बताया, हमारे पास अपना लक्ष्य है। हम इस फिल्म को बनाना चाहते हैं और अब से तीन साल बाद इसे रिलीज करना चाहते हैं। यह हमारे लिए एक कठिन शेड्यूल है, यह देखते हुए कि पार्ट वन ने कितना समय लिया।

अयान का कहना है कि ब्रह्मास्त्र 2 की स्क्रिप्ट लगभग पूरी हो गई है। उनकी मानें तो स्क्रिप्ट को अंतिम रूप देने पर काम चल रहा है। उन्होंने बताया कि फिल्म के पहले भाग पर काम शुरू करने के दौरान ही ब्रह्मास्त्र 2 की स्क्रिप्ट को लिखने का सिलसिला शुरू हो गया था। उन्होंने बताया कि इस फिल्म के प्री-प्रोडक्शन में लंबा वक्त लगेगा। फिल्म की शूटिंग कब शुरू होगी, इसको लेकर कुछ नहीं बताया गया है। ब्रह्मास्त्र के दूसरे भाग में देव की भूमिका के लिए ऋतिक रोशन और रणवीर सिंह का नाम सामने आया था।

हालांकि, अयान ने देव के किरदार को लेकर अपनी चुप्पी साध ली है। उन्होंने कहा था, मैं इस वक्त इस बात का खुलासा नहीं कर सकता कि फिल्म के दूसरे भाग में देव की भूमिका कौन निभाएगा। हां, मैंने सोशल मीडिया पर लोगों द्वारा सुझाए हुए नाम पढ़े हैं, लेकिन अभी इस रहस्य से पर्दा उठाने में समय लगेगा। रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म के अगले भाग के लिए दीपिका पादुकोण को साइन कर लिया गया है। ऐसी चर्चा है कि अमृता की भूमिका के लिए दीपिका की जगह पक्की हो गई है। ब्रह्मास्त्र में बॉलीवुड के कई बड़े सितारे नजर आए। फिल्म में अमिताभ बच्चन, मौनी रॉय और नागार्जुन भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। अभिनेता शाहरुख खान भी इस फिल्म में कैमियो करते नजर आए हैं। इस फिल्म के जरिए रणबीर और आलिया की जोड़ी पहली बार बड़े पर्दे दिखी। जहां फिल्म में रणबीर को शिवा की भूमिका में देखा गया, वहीं आलिया ने ईशा का किरदार अदा किया। दोनों की केमिस्ट्री को लोग सराह रहे हैं। अयान ने बताया था कि उन्हें ब्रह्मास्त्र बनाने में दस साल लग गए। फिल्म की शूटिंग करीब पांच साल में पूरी हुई। अयान को इस फिल्म का ख्याल 2011 में आया था, जब वे ये जवानी है दीवानी की स्क्रिप्ट पर काम कर रहे थे।



# खुशी कपूर ने वन पीस ड्रेस पहन दिखाईं कतिलाना अदाएं

## बोल्डनेस के मामले में जाह्नवी को दी मात

जाह्नवी कपूर की छोटी बहन खुशी कपूर ने अभी हाल ही में अपनी नई तस्वीरें शेयर की है। इन तस्वीरों में खुशी कपूर बेहद बोल्ड लग रही है। खुशी कपूर की ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है। बोनी कपूर और दिवंगत एक्ट्रेस श्रीदेवी की छोटी बेटी खुशी कपूर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती है। वो अक्सर अपने फैंस के लिए तस्वीरें और वीडियो इंस्टाग्राम हैंडल से शेयर करती रहती है। उनकी तस्वीरें आते ही सोशल मीडिया पर छा जाती है। इसी बीच खुशी कपूर की नई तस्वीरें सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है। इन तस्वीरों में खुशी कपूर अपनी बड़ी बहन जाह्नवी कपूर से भी ज्यादा बोल्ड लग रही है। खुशी कपूर के इस लुक को देखने के बाद सोशल मीडिया पर फैंस उनकी जमकर तारीफ कर रहे है। खुशी कपूर ने अभी हाल ही में इंस्टाग्राम पर अपनी नई तस्वीरें शेयर की है। इन तस्वीरों में खुशी कपूर बेहद हसीन लग रही है। खुशी कपूर इन तस्वीरों में वन पीस ड्रेस पहने हुए नजर आ रही है। ये ड्रेस खुशी कपूर काफी अच्छी लग रही है। खुशी कपूर इस तस्वीर में अपने टोन्ड लेग्स फ्लॉन्ट करती हुई नजर आ रही है। उनकी इस तस्वीर को फैंस खूब शेयर कर रहे है। खुशी कपूर इस तस्वीर में स्माइल पास करती हुई नजर आ रही है। उनकी ये प्यारी सी स्माइल फैंस का दिल लूट रही है। खुशी कपूर इन तस्वीरों में किलर पोज देती हुई नजर आ रही है। उनकी ये अदाएं लोगों को उनका दीवाना बना रही है। खुशी कपूर शॉर्ट ड्रेस के साथ-साथ सूट में भी बेहद प्यारी लगती है। इस तस्वीर में खुशी कपूर सूट पहन हुए नजर आ रही है। खुशी कपूर बॉलीवुड एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर की छोटी बहन है। लेकिन वो बोल्डनेस के मामले में जाह्नवी कपूर से काफी आगे है। खुशी कपूर जोया अख्तर की फिल्म 'द आर्चीज' में नजर आने वाली है। इस फिल्म में उनके साथ शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान भी नजर आने वाली है। खुशी कपूर अक्सर अपने इंस्टाग्राम हैंडल से अपनी बोल्ड तस्वीरें शेयर करती रहती है। जो फैंस को काफी पसंद आती है।















CMYK

# राम वन गमन पथ में अब मिलेगी आवासीय सुविधा, गंगरेल डैम में बनेगा आइलैंड-सीएम ने दिया निर्देश

**रायपुर, 09 अक्टूबर 2022।** राजधानी में चल रहे कलेक्टर्स कॉन्फ्रेंस के दूसरे दिन सीएम भूपेश बघेल ने पर्यटन की समीक्षा के बाद राम वन गमन पर्यटन परिपथ में होटल की व्यवस्था जोड़ने को कहा है। वहीं धमतरी के गंगरेल डैम (रविशंकर सागर) में पर्यटकों के आकर्षण के लिए टापू (आइलैंड) विकसित करने का निर्देश दिया।

पर्यटन विभाग की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, आवासीय व्यवस्था होने से ही पर्यटन बढ़ेगा। ऐसे में पर्यटन स्थलों में पर्यटकों को रात रुकने की व्यवस्था करें। इसके लिए वहां अच्छे होटल होना जरूरी है। उन्होंने राम वन गमन पर्यटन परिपथ से जुड़े कार्यों की विस्तृत समीक्षा के बाद इसमें होटल जोड़ने का भी निर्देश दिया। सतरेंगा जलाशय में पर्यटन सुविधाओं और वहां पर्यटकों की आमद से जुड़ी चीजों की समीक्षा हुई। मुख्यमंत्री ने धमतरी के गंगरेल डैम में आइलैंड को विकसित करने का निर्देश दिया। कहा गया, ऐसा होने से वहां पर्यटकों के लिए नया आकर्षण जुड़ जाएगा।



इसके बाद राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान लंबित मामलों को देखकर भड़क गए। उन्होंने लोगों का काम समयसीमा में नहीं होने की शिकायतों पर अधिकारियों को चेतावनी दी है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजस्व विभाग की कार्यशैली पर नाराजगी जताई। उन्होंने लोगों का काम समय सीमा में न करने वाले अधिकारियों को चेतावनी दी। कहा, अगर इसमें भ्रष्टाचार की शिकायत मिली तो सख्त कार्यवाही की जाएगी। साथ ही उन्होंने नामांतरण के लंबित प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए हैं।

इस बैठक में कलेक्टरों को नियमित रूप से तहसीलों का निरीक्षण करने को कहा। संभाग आयुक्तों तक को तहसीलों का निरीक्षण करते रहने को कहा है। उन्होंने कहा, राजस्व प्रकरणों को समय सीमा में निपटाएं। नागरिकों को राजस्व प्रकरणों में देरी से परेशानी नहीं होनी चाहिए। ग्रामीणों की सहूलियत के लिए सप्ताह में एक दिन निर्धारित करें। कामकाज की समीक्षा करें और काम में तेजी लाएं।

## संक्षिप्त समाचार



### सिंधी कौंसिल के उपाध्यक्ष बने रिंकू और नितिन

**रायपुर, 09 अक्टूबर 2022।** सिंधी कौंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई ने अपनी कार्यकारिणी को विस्तार करते हुए दो उपाध्यक्ष और दो सचिव की नियुक्ति की है।

जानकारी देते हुए प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने बताया की उपाध्यक्ष रिंकू पृथ्वानी, नितिन कृष्णानी और सचिव प्रणीत सुंदरानी, मोहित मध्यानी के साथ विक्की जादवानी को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है।

### महिला नक्सलियों का उपचार कराने गए कांग्रेस नेता तेलंगाना में गिरफ्तार



**बीजापुर, 09 अक्टूबर 2022।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के भोपालपटनम ब्लॉक कांग्रेस के महामंत्री केजी सत्यम को नक्सलियों का सहयोग करने के आरोप में तेलंगाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

तेलंगाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सत्यम दो महिला नक्सलियों को उपचार के लिए तेलंगाना लेकर गया था। उसे दोनों महिला नक्सलियों के साथ पकड़ा गया है।

सत्यम बीजापुर विधायक व बस्तर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विक्रम मंडावी का करीबी बताएं जाते हैं। पुलिस पूछताछ कर रही है। केजी सत्यम को तेलंगाना के हनमाकोंडा गांव के निकट तेलंगाना पुलिस ने गिरफ्तार है।

### पूर्व सरपंच को नक्सलियों ने मारी गोली

**कांकेर, 09 अक्टूबर 2022।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले से बड़ी खबर सामने आ रही है. यहां पूर्व सरपंच को नक्सलियों ने गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया है. बताया जा रहा है कि सियाराम रामटेके को नक्सलियों ने पैर और पेट में दो गोलियां मारी.

पूर्व सरपंच को कांकेर जिला अस्पताल रेफर किया गया है. जिले के कोयलीबेड़ा थानान्तर्गत चारगांव का मामला है.

### राज्य के कर्मचारियों को डीए का तोहफा, भूपेश कैबिनेट में लगेगी मुहर



**रायपुर, 09 अक्टूबर 2022।** राज्य के लाखों कर्मचारियों को दीपावली से पहले सरकार डीए का तोहफा देगी। सरकार की ओर से यह निर्णय ले लिया गया है। अब कैबिनेट में मुहर लगाने की औपचारिकता बाकी रह गई है। सीएम भूपेश बघेल ने इस संबंध में वित्त विभाग से बात की है। इस संबंध में वित्त विभाग की ओर से प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है। इस पर कैबिनेट में मुहर लग जाएगी। सीएम ने पहले भी दिवाली से पहले डीए के संबंध में निर्णय लेने के संकेत दिए थे।

छत्तीसगढ़ के कर्मचारियों को अभी 28 प्रतिशत डीए मिल रहा है। अब इसे 6 प्रतिशत बढ़ाया जा सकता है। हाल ही में केंद्र सरकार ने डीए में चार प्रतिशत की वृद्धि की है। इसके बाद अब केंद्र सरकार के कर्मचारियों का डीए 38 प्रतिशत हो गया है। केंद्र सरकार के फैसले के बाद पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश और कांग्रेस शासित राज्य राजस्थान में भी चार प्रतिशत डीए में वृद्धि कर दी गई है। कर्मचारियों की मांग को देखते हुए छत्तीसगढ़ में भी राज्य सरकार ने अब डीए में वृद्धि करना तय कर लिया है।

## 3 साल से एक स्थान पर जमे पटवारियों का होगा तबादला,सीएम भूपेश बघेल ने सभी कलेक्टरों को दिया निर्देश

**रायपुर, 09 अक्टूबर 2022।** कलेक्टर कॉन्फ्रेंस के दौरान मुख्यमंत्री बघेल ने मुख्यमंत्री ने राजस्व विभाग की कार्यशैली पर नाराज़गी जताई। उन्होंने कह कि 3 साल से एक स्थान पर जमे पटवारियों का तबादला किया जाएगा। इसके लिए मुख्यमंत्री ने सभी कलेक्टरों को निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में अनिवार्य रूप से राजस्व अमले में स्थान परिवर्तन होगा।



अतिवृष्टि और अल्पवृष्टि से फसल क्षति की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने संवेदनशीलता के साथ प्रभावित किसानों को समय सीमा में आरबीसी 6(4) अंतर्गत राहत राशि दिलाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के हितग्राहियों को राशि दिलाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि बैगा, गुनिया, पुजारियों को भी योजना में जोड़ा गया है, उन्हें योजना से अवगत कराकर लाभ दिलाने के निर्देश दिए।

समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने नामांतरण के लंबित प्रकरणों पर नाराजगी जताई और लंबित प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नागरिकों को राजस्व प्रकरणों में देरी से परेशानी नहीं होनी चाहिए। सभी कलेक्टर नियमित रूप से तहसीलों का निरीक्षण करें और राजस्व प्रकरणों को समय सीमा में निपटाएं। ग्रामीणों की सहूलियत के लिए सप्ताह में एक दिन निर्धारित करें। संभाग कमिश्नर तहसीलों का नियमित निरीक्षण करें।

मुख्यमंत्री ने राजस्व विभाग की कार्यशैली पर भी नाराज़गी जताई और नागरिकों के कार्य को समय सीमा में न करने पर अधिकारियों को चेताया। भ्रष्टाचार की शिकायत पाए जाने पर सखूत कार्यवाही के दिए निर्देश।

## छत्तीसगढ़ आएंगे कांग्रेस अध्यक्ष पद के उम्मीदवार मल्लिकार्जुन खड़गे



**रायपुर, 09 अक्टूबर 2022।** कांग्रेस अध्यक्ष पद चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई है. इस चुनाव में मल्लिकार्जुन खड़गे और शशि थरूर के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिल सकती है. इस बीच खबर आ रही है कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के उम्मीदवार खड़गे जल्द ही छत्तीसगढ़ आएंगे। वे यहां के प्रतिनिधियों से भेंट कर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील करेंगे।

बता दें कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए 17 अक्टूबर को मतदान है। राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए छत्तीसगढ़ से 307 प्रतिनिधि हैं, जो मतदान करेंगे। इसके लिए राजीव भवन को मतदान केंद्र बनाया गया है। राजीव भवन में पीसीसी अध्यक्ष मोहन मरकाम, सीएम भूपेश बघेल, प्रभारी महामंत्री (संगठन) अमरजीत चावला सहित सभी प्रतिनिधि वोट डालेंगे। 19 अक्टूबर को वोटों की गिनती होगी और उसी दिन यह तय हो जाएगा कि पार्टी की कमान कौन संभालेगा।

## रायपुर रेल मंडल से चलने वाली कई ट्रेनें रद्द



**रायपुर, 09 अक्टूबर 2022।** ईस्ट कोस्ट रेलवे के संबलपुर मंडल के रुपरा रोड-नोरला रोड सेक्शन में तीसरी रेलवे लाइन का कार्य किया जा रहा है । इस कार्य के लिए पावर ब्लॉक लिया जाएगा । इस पावर ब्लॉक का कार्य होने के कारण रायपुर रेल मंडल से चलने वाली ट्रेनें रद्द की गई है।

1. 14 से 20 अक्टूबर, तक 08528 विशाखापट्टनम-रायपुर पैसेंजर रद्द।
2. 15 से 21 अक्टूबर, तक 08527 रायपुर-विशाखापट्टनम पैसेंजर रद्द।
3. 15 से 20 अक्टूबर, तक 08275 रायपुर-जूनागढ़ रोड पैसेंजर रद्द।
4. 16 से 21अक्टूबर 08276 जूनागढ़ रोड-रायपुर पैसेंजर रद्द।
5. 15 अक्टूबर, को निज़ामुद्दीन से चलने वाली 12808 निज़ामुद्दीन-विशाखापटनम एक्सप्रेस 01 घंटे 30 मिनट देरी से रवाना होगी।

## राज्य के कर्मचारियों को डीए का तोहफा,भूपेश कैबिनेट में लगेगी मुहर



**रायपुर, 09 अक्टूबर 2022।** राज्य के लाखों कर्मचारियों को दीपावली से पहले सरकार डीए का तोहफा देगी। सरकार की ओर से यह निर्णय ले लिया गया है। अब कैबिनेट में मुहर लगाने की औपचारिकता बाकी रह गई है। सीएम भूपेश बघेल ने इस संबंध में वित्त विभाग से बात की है। इस संबंध में वित्त विभाग की ओर से प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है। इस पर कैबिनेट में मुहर लग जाएगी। सीएम ने पहले भी दिवाली से पहले डीए के संबंध में निर्णय लेने के संकेत दिए थे।

छत्तीसगढ़ के कर्मचारियों को अभी 28 प्रतिशत डीए मिल रहा है। अब इसे 6 प्रतिशत बढ़ाया जा सकता है। हाल ही में केंद्र सरकार ने डीए में चार प्रतिशत की वृद्धि की है। इसके बाद अब केंद्र सरकार के कर्मचारियों का डीए 38 प्रतिशत हो गया है। केंद्र सरकार के फैसले के बाद पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश और कांग्रेस शासित राज्य राजस्थान में भी चार प्रतिशत डीए में वृद्धि कर दी गई है। कर्मचारियों की मांग को देखते हुए छत्तीसगढ़ में भी राज्य सरकार ने अब डीए में वृद्धि करना तय कर लिया है।

## धान खरीदी तैयारी के पिछले दावे खोखले साबित हुए : संदीप शर्मा

**रायपुर, 09 अक्टूबर 2022।** धान खरीदी के पूर्व ये सरकार तरह तरह के दावे करती है परंतु बाद में किसानों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। खरीदी की तारीख धीरे-धीरे पास आते जा रही है परंतु भुपेश सरकार की जमीनी तैयारी कहीं दिखाई नही पड़ रही है। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश प्रभारी एवं प्रदेश प्रवक्ता ने उक्त आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार धान खरीदी के तैयारी बड़े बड़े डींगे मारती हैं पर खरीदी के समय सब पोल खुल जाती है जब कभी किसानों को बारदाना के लिए, तो कभी तौल में गड़बड़ी कर परेशान किया जाता है। टोकन देने के तरीके रकबा कटौती से किसान लगातार परेशान रहे हैं। किसानों के पंजीयन को ÷कैरी फारवर्ड÷ करने से कई गड़बड़ी होती है जिसमे सुधार नही होने से किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। भुपेश सरकार के मंत्री अमरजीत भगत द्वारा 110 लाख टन धान खरीदी के बयान बाजी को आड़े हाथ लेते हुए किसान नेता संदीप शर्मा ने कहा कि धान की जितनी भी खरीदी हो रही है उसका समर्थन मूल्य में पूरा भुगतान केंद्र की मोदी सरकार करती है यहां तक कि बोरा, सुतली, तुलाई, स्टैकिंग, लोडिंग, शिफ्टिंग सब का पैसा केंद्र सरकार देती है, मंत्री जी को यह भी पता होना चाहिए कि पिछला जो रिकार्ड 98 लाख टन धान की खरीदी हुई है उसका वही पूरा समर्थन मूल्य का भुगतान केंद की सरकार ने किया है, इसलिए खाद्य मंत्री इस पर बयानबाजी कर बहादुरी न दिखाएं, बल्कि वे बताएं कि पंजीकृत रेगहा किसानों के पंजीकृत खाता में धान के बकाया राशि का भुगतान क्यों नही किया जा रहा है, और जिन किसानों के एक ही समिति अंतर्गत दो अलग अलग पटवारी हल्का में जमीन है और जिसका पंजीयन है उन किसानों को अंतर राशि का भुगतान क्यों नही किया जा रहा है।



## कांग्रेस को आदिवासी समाज कभी माफ नहीं करेगा:देवलाल

**रायपुर, 09 अक्टूबर 2022।** छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने प्रदेश कांग्रेस प्रभारी पीएल पुनिया का बस्तर दौरा रद्द होने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि जनता के विरोध से डर कर पीएल पुनिया व कांग्रेस ने बस्तर दौरा रद्द किया है। आदिवासियों का आरक्षण 32 फीसदी से घटकर 20 प्रतिशत होने और इसमें कांग्रेस सरकार की सुनियोजित साजिश से नाराज जनता का सामना करने की हिम्मत कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी नहीं जुटा सके। इसलिए बस्तर दौरा रद्द करने में ही अपनी भलाई समझ रहे हैं। यदि पुनिया अपनी भूपेश सरकार की नीतियों के कारण अपराध बोध और हीनभावना के शिकार नहीं हैं तो बस्तर के सभी 12 विधानसभा क्षेत्र का दौरा करके बतायें। प्रदेश में कांग्रेस के खिलाफ भारी जन आक्रोश है।इसके कारण पुनिया तो पुनिया कांग्रेस के विधायक और इन विधायकों के मुखिया तक आदिवासियों सहित आम जनता का सामना नहीं कर पा रहे हैं। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने कहा कि भाजपा आदिवासी समाज के हितों की रक्षा के लिए सड़क पर संघर्ष कर रही है और कांग्रेस के आदिवासी मंत्री शीतकक्ष में बैठकर आदिवासियों के नाम पर मुखविलास कर रहे हैं। आदिवासी समाज जानता है कि कांग्रेस की सरकार आदिवासी हितों के साथ लगातार खिलवाड़ कर रही है और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आदिवासी विरोधी मानसिकता पाले हुए हैं। वे आदिवासी समाज को गुमराह करने की व्यर्थ कोशिश कर रहे हैं, भाजपा की सरकार पर दोष मढ़ रहे हैं।



# प्रदेश पिछड़ा वर्ग मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष भरत वर्मा ने पदभार किया ग्रहण

**रायपुर, 09 अक्टूबर 2022।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश पिछड़ा वर्ग मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष भरत वर्मा का पदभार ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। पदभार ग्रहण का कार्यक्रम प्रदेश भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में 9 अक्टूबर को संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य रुप से प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी थे। अध्यक्षता पिछड़ा वर्ग मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सोनी ने किया। भाजपा महामंत्री केदार कश्य, विजय शर्मा शामिल थे। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं मां भारती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व पूजा-अर्चना कर किया गय। पिछड़ा वर्ग मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सोनी ने अपने उद्बोधन में कहा कि भाजपा पिछड़ा वर्ग राष्ट्रीय स्तर पर निर्देशानुसार प्रदेश के सभी 405 मंडलों में संगठन की कार्यकारिणी बन चुकी है। प्रदेश पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल स्तर पर मजबूती से चुनाव के कमर कसकर तैयार जो आने वाले चुनाव सभी का समर्थन भरोसा हासिल कर सरकार बनाएंगे। प्रदेश महामंत्री विजय शर्मा ने पूर्व अध्यक्ष की बात की सराहना करते हुए कहा कि पिछड़ा वर्ग मोर्चा के नए अध्यक्ष भरत वर्मा के नेतृत्व में आने वाले दिनों में मोर्चा और सशक्त होकर कार्य करेगा उन्होंने यह भी कहा कि पिछड़ा वर्ग मोर्चा सभी पिछड़ा वर्ग के समाजों व उप समाजों की सूची बनाकर उनके मुख्य से मिलकर सामाजिक सम्मेलन करना है। प्रदेश महामंत्री केदार कश्यप ने कहा कि पिछड़ा वर्ग मोर्चा को सैनिक की तरह कार्य करना है। युद्ध की तरह चुनाव में तैयार रहना है उन्होंने कहा कि बस्तर और सरगुजा क्षेत्र में मोर्चा को विशेषकर ओबीसी वर्ग के लोगों को लेकर कार्यक्रम हुआ सम्मेलन करना है। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस की नीति से ओबीसी वर्ग के लोग प्रदेश में खासे नाराज है।



प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी ने कहा कि मात्र 1 वर्ष का समय मोर्चा को मिला है। प्रवास करना है सभी ओबीसी वर्ग समाजों की सूची बनाकर संपर्क अभियान करना है। पूर्व में भाजपा की सरकार बनी थी उसमें ओबीसी वर्ग के लोगों की बड़ी भूमिका थी। पुनः ओबीसी वर्ग के लोगों को लेकर भाजपा की सरकार बनाने में मोर्चा अपनी भूमिका निभाएगी यह कहते हुए उन्होने नए अध्यक्ष भरत वर्मा को बधाई दी। बैठक में संबोधित करते हुए नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष भरत वर्मा ने कहा कि प्रदेश के सभी बड़े वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा में यह संभव है कि छोटे से छोटे कार्यकर्ताओं को प्रदेश अध्यक्ष जैसे प्रमुख पद पर दायित्व दिया जा सकता है उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद कम समय में 9 जिलों का दौरा किया और लगातार जल्द से जल्द सभी जिलों का दौरा व प्रवास होगा सभी जिला अध्यक्षों को निर्देशित कर दिया गया है जल्द से जल्द सभी समाजों को लेकर सामाजिक सम्मेलन करना है 95 जाति के समाज व छोटे-छोटे समाजों को लेकर सम्मेलन करना है। पदभार ग्रहण के कार्यक्रम में प्रदेश पदाधिकारी में प्रदेश उपाध्यक्ष सांतानु साहू, खिलावन साहू, प्रदेश मंत्री देवदत्त साहू, मनोज गुप्ता, प्रदेश कार्यालय मंत्री चूड़ामणि निर्मलकर, भगवान यादव, मीडिया प्रभारी छगन साहू, श्रवण यदु, देवेंद्र जायसवाल, होरीलाल सिन्हा, जिला अध्यक्ष रायपुर शहर सूनील चौधरी रायपुर ग्रामीण राजेश साहू, बेमेतरा जिला अध्यक्ष दीपेश साहू, अखिलेश कश्यप सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल थें।



### तेज रफ्तार वाहन ने बाइक सवार दो भाइयों को मारी जोरदार ठोकर, दोनों की मौत, गांव में पसरा मातम

**महासमुंद, 09 अक्टूबर 2022।** जिले से दर्दनाक सड़क हादसे की खबर सामने आ रही है, यहाँ तेज रफ्तार वाहन ने बाइक सवार दो लोगों को जोरदार टक्कर मार दी, जिसमे दो सगे भाइयों की मौत हो गई है। हादसा जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-53 पर पटेवा और झलप के बीच छिंदौली गांव के पास हुआ है। दोनों शव को पोस्टमार्टम के बाद गृहग्राम लाया गया है। घटना के बाद से गांव में शोक की लहर है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार दोनों भाई मृतक मुकेश त्रिपाठी (25 वर्ष) और गिरिजाशंकर त्रिपाठी (21 वर्ष) गृह ग्राम पटेवा से अपने मामा के घर पचरी गांव जा रहे थे।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)